नेम वाणी

रचयिता

कविवर्य पं० प्रवर श्री नेमिचन्द्र जी महाराज

सम्पादक

पं० प्रवर श्रद्धेय श्री पुष्कर मुनि जी महाराज

देवेन्द्र मुनि शास्त्री, साहित्यरत्न

प्रकाशक

श्री तारक-गुरु-ग्रन्थालय पदराडा (उदयपुर)

* पुस्तक :
नेम वाणी

* लेखक
कविवर्य पं० प्रवर श्री नेमिचन्द्र जी महाराज

* सम्पादक :
पं० प्रवर श्रद्धेय श्री पुष्कर मुनि जी महाराज
देवेन्द्र मुनि शास्त्री, साहित्यरत्न

* अर्थ सहयोगी
श्री सुन्दर बाई जीवराज जी कुवाड़
मु० पो० भांवरी, जिला–पाली (मारवाड़)

* प्रकाशक
श्री तारक गुरु ग्रन्थालय, पदराडा, जिला–उदयपुर (राजस्थान)

* मूल्य : २.५० पैसे

* मुद्रक :
श्री विष्णु प्रिन्टिङ्ग प्रेस,
राजा की मण्डी, आगरा–२

समर्पण

परम श्रद्धेय सद्गुरुवर्य

महास्थविर स्वर्गीय श्री ताराचन्द्र जी महाराज

को

सादर समर्पण

विनयावनत

—पुष्कर मुनि

प्रकाशक की ओर से

●

अपने प्रेमी पाठकों के कर कमलों में नेमवाणी पुस्तक समर्पित करते हुए महती प्रसन्नता है। कविवर्य नेमिचन्द्र जी म० स्थानकवासी समाज के एक प्रतिभासम्पन्न संत कवि थे। उनका कविता साहित्य बहुत ही विस्तृत रहा है; पर अत्यन्त खेद है कि मुनि श्री अपना साहित्य स्वयं लिखते नहीं थे, जिसके कारण उनका बहुत सा कविता साहित्य आज अनुपलब्ध है।

भावुक भक्तों की ओर से उनके पद्य-साहित्य की मांग निरन्तर आ रही थी, अतः उनकी तीव्र उत्कंठा को देखकर हमने श्रमण संघ के गंभीर तत्त्वचिन्तक पण्डित प्रवर श्रद्धेय सद्गुरुवर्य श्री पुष्कर मुनि जी म. से निवेदन किया, उन्होंने हमारी प्रार्थना को सन्मान देकर महास्थविर श्रद्धेय श्री तारा चन्द्र जी म. के द्वारा संग्रहित, और सतीवृन्द व श्रावक समुदाय के पास इतस्ततः बिखरा हुआ नेम पद्य-साहित्य संकलित व सम्पादित किया, तदर्थ हम महाराज श्री के अत्यन्त आभारी हैं।

पुस्तक पर श्रद्धेय मुनि श्री जी के सुशिष्य कलम कलाधर देवेन्द्र मुनि, शास्त्री साहित्यरत्न ने महत्त्वपूर्ण भूमिका व परिशिष्ट लिखकर पुस्तक की श्री वृद्धि की है, अतः हम मुनि श्री के उपकार को भी विस्मृत नहीं हो सकते।

प्रकाशक की ओर से

●

अपने प्रेमी पाठकों के कर कमलों में 'नेमवाणी' पुस्तक समर्पित करते हुए महती प्रसन्नता है। कविवर्य नेमिचन्द्र जी म० स्थानकवासी समाज के एक प्रतिभासम्पन्न संत कवि थे। उनका कविता साहित्य बहुत ही विस्तृत रहा है, पर अत्यन्त खेद है कि मुनि श्री अपना साहित्य स्वयं लिखते नहीं थे, जिसके कारण उनका बहुत सा कविता साहित्य आज अनुपलब्ध है।

भावुक भक्तों की ओर से उनके पद्य-साहित्य की मांग निरन्तर आ रही थी, अतः उनकी तीव्र उत्कंठा को देखकर हमने श्रमण संघ के गंभीर तत्त्वचिन्तक पण्डित प्रवर श्रद्धेय सद्गुरुवर्य श्री पुष्कर मुनि जी म. से निवेदन किया, उन्होंने हमारी प्रार्थना को सम्मान देकर महास्थविर श्रद्धेय श्री तारा चन्द्र जी म के द्वारा संग्रहित, और सतीवृन्द व श्रावक समुदाय के पास इतस्ततः बिखरा हुआ नेम पद्य-साहित्य संकलित व सम्पादित किया, तदर्थ हम महाराज श्री के अत्यन्त आभारी हैं।

पुस्तक पर श्रद्धेय मुनि श्री जी के सुशिष्य कलम कलाधर देवेन्द्र मुनि, शास्त्री साहित्यरत्न ने महत्त्वपूर्ण भूमिका व परिशिष्ट लिखकर पुस्तक की श्री वृद्धि की है, अतः हम मुनि श्री के उपकार को भी विस्मृत नहीं हो सकते।

साथ ही पुस्तक को मुद्रण कला की दृष्टि से,सर्वाधिक सुन्दर बनाने में सन्माननीय न्यायमूर्ति श्री इन्द्रनाथ जी सा. मोदी ने एवं श्रीचन्द्र जी सुराना 'सरस' ने बहुत ही श्रम किया, अतः उनके प्रति हम हार्दिक आभार प्रदर्शित करते हैं।

पुस्तक के प्रकाशन हेतु धर्मानुरागिणी श्री सुन्दर बाई, धर्म-पत्नी श्री जीवराज जी कुवाड, मु० भांवरी, पाली (राजस्थान) व बगडुन्दा (मेवाड़) स्थानक वासी जैन श्रावक संघ ने क्रमशः १००१) व ७००) रुपये प्रदान किये हैं, वह उनकी उदारभावना तथा साहित्यिक अभिरुचि का स्पष्ट प्रतीक है।

शान्तिलाल जैन
मंत्री—श्री तारक गुरु ग्रन्थालय
पदराडा, उदयपुर (राजस्थान)

सम्पादकीय

कविवर्य पण्डित प्रवर परम श्रद्धेय श्री नेमिचन्द्र जी महाराज एक विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न सन्त रत्न थे। वे आशु कवि थे, प्रखर प्रवक्ता थे, आगम-साहित्य, धर्म और दर्शन के ज्ञाता थे, सरस-सरल व लोक-प्रिय काव्य के निर्माता थे।

लम्बा कद, श्याम वर्ण, विशाल भव्य-भाल, तेजस्वी नेत्र, प्रसन्न वदन और श्वेत परिधान से ढके हुए रूप को देखकर दर्शक प्रथम दर्शन में ही प्रभावित हो जाता था। वह ज्यों-ज्यों अधिकाधिक मुनि श्री के सम्पर्क में आता त्यों-त्यों उसे सहज सरलता, निष्कपटता, स्नेही स्वभाव, उदात्त चिन्तन व आत्मीयता की तीव्र अनुभूति होने लगती।

मुनि श्री का जन्म विक्रम सं० १९२५ के आश्विन शुक्ला चतुर्दशी को उदयपुर राज्य के वगडुन्दा मेवाड़ में हुआ था। आपके पिता का नाम देवीलाल जी लोढा और माता का नाम कमला देवी था।

बचपन से ही उनका लगाव भगवत् प्रेमियों व श्रमण-श्रमणियों से रहा, या तो प्रकृति के उन्मुक्त क्रोड में खेलना उन्हें पसन्द था या सन्तों की वाणी का सुधापान करना उन्हें प्रिय था।

मरुधर की पुण्यभूमि में स्थानकवासी जैन धर्म का प्रथम प्रचार करने वाले जैनाचार्य श्री अमरसिंह जी महाराज के षष्टम पट्टधर पूज्य श्री पुनमचन्द्र जी महाराज ग्रामानुग्राम विहार करते हुए प्रकृति की सुरम्यस्थली व वीर भूमि वगडुन्दा पधारे। पूज्य श्री के त्याग, वैराग्य से छलछलाते हुए पावन प्रवचन को सुनकर बालक नेमिचन्द्र के मन में वैराग्य का पयोधि उछालें मारने लगा। माता-पिता व परिजन से

हृदय की भावना कही, परन्तु पुत्र प्रेम के कारण उनकी आँखों से अश्रु छलक पड़े। गद्गद् कंठ से बोले—पुत्र! तुम हमारे कुलदीपक हो, कुल के आधार हो, हमें छोड़कर तुम क्यों संयम लेना चाहते हो! अनेक प्रलोभन दिखलाये, नाना प्रकार के अनुकूल और प्रतिकूल परीषह दिये, किंतु उनका वैराग्य का रंग धुंधला नहीं पड़ा। अंत में सहर्ष माता-पिता ने अनुमति दी और विक्रम सम्वत् १९४० में फाल्गुन शुक्ला ६ को बगडुन्दे में आचार्य प्रवर के पास दीक्षा ग्रहण की।

आप असाधारण मेधा के धनी थे। अपने विद्यार्थी जीवन में इकतीस हजार पद्यों को कंठस्थ कर विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया था। आचारांग, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति, विपाक सूत्र आदि अनेक शास्त्र कुछ ही समय में कंठस्थ कर लिये थे और शताधिक स्तोक भी। अठाणु बोल का बासठिया को एक मुहूर्त में कंठस्थ कर लिया था।

आप आशु कवि थे। चलते-फिरते, वार्तालाप में या प्रवचन में जब कभी इच्छा होती शीघ्र ही कविता बना लेते थे। समदडी (मारवाड़) में एक बार आप विराजे हुए थे। पोष महीना था, सर्दी बहुत ही तेज थी। रात्रि में सोने के लिए बहुत सँकडा कमरा मिला। ६ साधु उसमें सोये, असावधानी से रजोहरण की दण्डी पर पैर लग गया और वह टूट गई, उसी क्षण आपने निम्न दोहा कहा—

ओरी मिल गई सांकडी, साधु सूता खट।
नेमचन्द री डांडी भांगी, बटाक देतां ही बट्ट ॥

आपकी आशु कविता के अनेक प्रसंग मुनि श्री के लघु गुरु भ्राता और मेरे गुरुदेव महास्थविर श्री ताराचन्द्र जी महाराज सुनाया करते थे।

आपने रामायण, महाभारत, गणधरचरित्र, रुक्मणीमंगल, भगवान् ऋषभदेव आदि अनेक खण्ड काव्य और महाकाव्य विभिन्न

छन्दों में बनाये, परन्तु कवि स्वयं उन्हें नहीं लिखता था जिससे आज वे अनुपलब्ध हैं, क्या ही अच्छा होता यदि वे स्वयं लिखते या अन्य से लिखवाते, तो वह बहुमूल्य साहित्य-सामग्री नष्ट नही होती।

आप प्रत्युत्पन्न मेधावी थे, जटिल से जटिल प्रश्नों का समाधान भी शीघ्रातिशीघ्र कर देते थे। आपके समाधान आगम व तर्क युक्त होते थे, यही कारण है कि गोगुन्दा, पंचभद्रा पारलू आदि अनेक स्थलों पर दया-दान के विरोधी आपसे शास्त्रार्थ आदि में परास्त होते रहे थे।

एक बार आचार्य प्रवर श्री पुनमचन्द्र जी महाराज गोगुन्दा विराज रहे थे, उस समय एक अन्य जैन सम्प्रदाय के आचार्य भी आये हुए थे, रास्ते में दोनों का मिलाप हो गया। तब उस आचार्य के शिष्य ने आचार्य श्री पुनमचन्द्र जी महाराज के लिए पूछा— 'थांने भेख पेहरयां ने कितराक बरस हुआ है" तब नेमिचन्द्र जी महाराज ने उनके पूज्य के लिए पूछा—"थांन हांग पेहरयाँ ने कितराक वरस हुआ है" यह सुनते ही वह साधु चौंक पड़ा और बोला 'यों कांई बोलो हो' तब आपने कहा—जैसा आपने हमारे आचार्य के लिए शब्दों का प्रयोग किया वैसा हमने भी किया है, आपको भाषा समिति का परिज्ञान कराने के लिए। साधु लज्जित हो गया, और भविष्य में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग न करने के लिए कहा।

आप श्री के बड़े गुरूभ्राता श्री ज्येष्ठमल जी महाराज एक अध्यात्मयोगी सन्त थे, रात्रिभर खड़े रहकर ध्यानयोग की साधना किया करते थे जिससे उनकी वाचा सिद्ध हो गई थी और वे पंचम आरे के केवली के रूप में प्रसिद्ध थे। उनके प्रभाव से प्रभावित होकर आप भी ध्यान योग की साधना किया करते थे। ध्यानयोग की साधना से आपका आत्म-तेज इतना अधिक बढ़ गया था कि भयप्रद स्थान पर भी आप पूर्ण निर्भय होकर साधना करते थे।

एक बार आप श्री निम्बाहेडा (मेवाड़) में चातुर्मास को पधारे। वहाँ पर साहडों की ६ मंजिल की हवेली थी, वह खाली थी, महाराज

श्री ने पूछा—'यह हवेली खाली क्यों है ? इसमें रहते क्यों नही हैं ? लोगों ने वताया कि इसमें भूत है—महाराज श्री ने कहा तो बहुत ही अच्छा है, हम इसी मकान में चातुर्मास करेंगे, लोगों ने बहुत ही इन्कारी की, पर आप श्री की निर्भयता ने अन्त में विजय प्राप्त की और चार मास तक अत्यधिक आनन्द के साथ वहाँ पर विराजे, किसी को भी तनिक मात्र भी कष्ट नहीं हुआ। भ्रम का भूत भग गया।

इसी प्रकार कंबोल (मेवाड़) में मनरूपजी लक्ष्मीलालजी सोलंकी का मकान जो भयप्रद माना जाता था वहाँ पर भी चातुर्मास कर उसे भयमुक्त किया।

आपकी प्रवचन शैली अत्यधिक चित्ताकर्षक थी, आगम के गम्भीर रहस्यों को जव आप लोक भाषा में प्रस्तुत करते तव जनता झूम उठती थी। मेघ गंभीर गर्जना को सुनकर चकित हो जाती थी। दो-दो मील तअ आपकी रात्रि प्रवचन की आवाज पहुँचती थी। जब श्री कृष्ण का वर्णन करते तव का दृश्य तो अपूर्व होता था।

आपको धर्म प्रचार की दृष्टि से गाँव ही अधिक प्रिय थे। आपने अपने जीवन काल में अधिक वर्षावास गाँवों में किये थे। उन्हीं महा-पुरुप के धर्म प्रचार के कारण मेवाड़ का पर्वतीय प्रान्त गोगुन्दा, झाडोल, एवं कोटडा आदि तहसीलों के गाँवों में भी धर्म की ज्योति जगमगा रही है।

आपश्री के गुरुभ्राता थे—श्रीनवलमलजी म० श्री जेठमलजी म० श्री दयालचन्दजी म० श्री पन्नालाल जी म० श्री महास्थविर ताराचन्द जी म० और नो शिष्य थे-श्री प्यारचन्द जी म० श्री भेरूलाल जी म० श्री दौलतराम जी म० श्री हंसराज जी म० आदि।

आपश्री का विहार स्थल मेवाड़, मारवाड, मालवा, ढूंढार प्रभृति क्षेत्रों में रहा।

विक्रम सं. १९८५ का चातुर्मास आपका 'छीपा का आकोला' (मेवाड) में था। शरीर में व्याधि होने पर संलेखना पूर्वक संथारा कर कार्तिक शुक्ला पंचमी को स्वर्गवास पधारे।

नेमवाणी पुस्तक के संकलन और सम्पादन की भी एक मधुर कहानी है। जब मैं जैनइतिहास की अन्वेषणा की दृष्टि से खाण्डप, जोधपुर और पदराडा प्रभृति भण्डारों का पर्यवेक्षण कर रहा था, तब मुझे परम श्रद्धेय सद्गुरुदेव महास्थविर स्वर्गीय श्री ताराचन्द जी म० के हाथ के लिखे हुए कुछ पन्ने मिले और साथ ही कुछ साध्वियों के हाथ लिखे हुए पन्ने भी मिले जिनमें श्री नेमिचन्द्र जी म० का पद्य-साहित्य लिखा हुआ था। वह सामग्री काफी अस्तव्यस्त और बिखरी हुई थी, मेरी हार्दिक इच्छा हुई कि श्री नेमिचन्द्र जी म० का संपूर्ण कविता-साहित्य एकत्रित किया जाय, मैंने सारा साहित्य भण्डारों से एकत्रित किया और साथ ही विदुषी महासती स्वर्गीया सोहनकुंवर जी म० विदुषी महासती श्री सज्जन कुंवर जी म० और विदुषी महासती श्री शीलकुंवर जी महाराज आदि सतीजन के पास भी लिखित व मौखिक जो सामग्री थी उसे प्राप्त की। जैसा भी हो सका, सामग्री को एकस्थान पर संकलित करने का प्रयास किया, संकलन की श्रेष्ठता व ज्येष्ठता का मूल्यांकन मुझे नहीं करना है, यह कार्य तो प्रबुद्ध पाठकों का है, मुझे तो परम आह्लाद है कि मैंने अपना कार्य प्रमाणिकता के साथ किया है, उसमें मुझे सफलता मिली है।

साधना सदन
नानापेठ, पुना
ज्येष्ठ सुदी १०, सं० २०२५

—पुष्कर मुनि

नेमवाणी : एक मूल्यांकन

●

कवि विश्वात्मा का प्रतिनिधि है। वह अपूर्ण मानवता के मध्य में स्थित होकर सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का आदर्श प्रस्तुत करता है।

कवि एक सुदक्ष पर्वतारोही है, जो जीवन के उच्चतम शिखर पर आरूढ़ होकर जीवन की गति-प्रगति का विहंगावलोकन करता रहता है और देता रहता है स्वस्थ दिशा-निर्देशन ।

कवि एक कुशल नाविक की भांति समय के अथाह सागर में मानवता की पुण्य-पोत को खेता हुआ 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' का जयघोष करता हुआ चलता है।

कवि भावना और भाषा का पुरोहित है। उसकी अनुभूतियाँ तीव्र होती हैं, अभिव्यक्तियाँ और भी तीव्र !

कवि पारदर्शी होता है। जीवन और जगत के आरपार देखने की अद्भुत क्षमता उसमें होती है।

कवि कमनीय कल्पनालोक में विचरण करता है, पर उसकी कल्पना में उन्मत्त मानव की अर्थहीन बकवास नहीं होती, वह जीवन के मर्म को उघाड़कर रखता है, मन की गूढ़तम वास्तविकताओं को स्पर्श करता हुआ जाता है।

कवि कर्म सिर्फ कर्म नहीं, धर्म भी है। उसकी वाणी, संस्कृति और सभ्यता की वाणी है। मानव-चेतना को प्रबुद्ध करना ही कवि कर्म की

फलश्रुति है और इस फलश्रुति को निष्पन्न होती पायेंगे आप प्रस्तुत कृति में।

कविवर्य पण्डित प्रवर श्रद्धेय मुनि श्री नेमिचन्द्र जी म. एक युग-कवि थे। उनका उदय हमारे साहित्याकाश में शारदीय चन्द्रमा की तरह हुआ। उन्होंने अपने निर्मल व्यक्तित्व और कृतित्व की शारदीय-स्निग्ध ज्योत्स्ना से साहित्य संसार को आलोकित किया—तथा दिग्दिगन्त में शुभ्र शीतल प्रभाव को विकीर्ण करते रहे। वे एक ऐसे विरले रस-सिद्ध कवियों में से थे जिन्होंने एक ही साथ अज्ञ और विज्ञ, साक्षर निरक्षर सभी को समान रूप से प्रभावित किया। उनकी रचनाओं में जहाँ पर आत्म-जागरण की स्वर लहरी झनझना रही है, वहाँ पर मानवता का नाद भी मुखरित है। जन-जन के मन में अध्यात्मवाद के नाम पर निराशा का संचार करना कवि को इष्ट नहीं है, किन्तु वह आशा और उल्लास से कर्मरिपु को परास्त करने की प्रवल-प्रेरणा देता है। पराजितों को विजय के लिए उत्प्रेरित करता है।

मुनि श्री की प्रस्तुत कृति का पारायण करने पर प्रबुद्ध पाठक को ऐसा अनुभव होने लगेगा कि वह एक ऐसे विद्युज्ज्योतित उच्च अट्टालिका के वन्द कमरे में वैठा हुआ है, दम घुट रहा है कि सहसा उसका द्वार खुल गया है और पुष्पोद्यान का शीतल मन्द सुगंधित समीर का झोंका उसमें आ रहा है, जिससे उसका दिल और दिमाग तरोताजा वन रहा है। कभी उसे गुलाव की महक का अनुभव होगा और कभी चम्पा की सुगन्ध का। कभी केतकी और केवड़ा की सौरभ का परिज्ञान होगा और कभी जाही-जूही की मादक गन्ध का।

किसी भी कृति को वुद्धि के परीक्षण प्रस्तर पर कसन के पूर्व उस युग का परिज्ञान भी अत्यावश्यक है कि किस युग में कृति का निर्माण हुआ है। प्रस्तुत कृति का निर्माण काल विक्रम सम्वत् १६४० से १६७५ के मध्य का रहा है। उस युग में निर्मित रचनाओं के साथ प्रस्तुत

कृति की तुलना करने पर स्पष्ट परिज्ञात होगा कि मुनि श्री के पद्यों में नवीनता है, मंजुलता है और साथ ही नया शब्द विन्यास भी। मुख्यतः राजस्थानी भाषा का प्रयोग करने पर भी यत्र-तत्र विशुद्ध हिन्दी व उर्दू के शब्दों का प्रयोग भी हुआ है। सन्त कवि होने के नाते भाषा के गज से कविता को नापने की अपेक्षा भाव के गज से नापना ही अधिक उययुक्त है।

मुनि श्री की उपलब्ध प्रायः सभी रचनाओं को सम्पादन-कला-मर्मज्ञ परम श्रद्धेय सद्गुरुवर्य श्री पुष्कर मुनि जी महाराज ने दो खण्डों में विभक्त की हैं। प्रथम खण्ड में विविध विषयों पर रचित पद हैं और द्वितीय खण्ड में चरित्र हैं।

प्रथम खण्ड में जो गीतिकाएं गई हैं उनमें कितनी ही गीतिकाएँ स्तुति परक हैं। कवि का भावुक-भक्त हृदय प्रभु के गुणों का उत्कीर्त्तन करता हुआ अघाता नहीं है, वह स्वयं तो झूम-झूम कर प्रभु के गुणों को गा ही रहा है पर अन्य भक्तों को भी प्रेरणा दे रहा है कि तुम भी प्रभु के गुणों को गाओ—

नवपद को भवियरग ध्यान घरो,
यो पनरिया यंत्र तो शुद्ध भरो....

कवि सन्त हैं, संसार की मोहमाया में भूले-भटके प्राणियों कों पथप्रदर्शन करना उनका कार्य है। वह जागृति का सन्देश देता है—कि क्यों सोये पड़े हो! उठो! जागो! और अपने कर्त्तव्य को पहचानो! कवि के शब्दों में ही देखिए—जागृति का सन्देश :—

कुरग जाणे काल का दिन की
या दिन की, तन की धन की रे....
एक दिन में देव निपजाई
या द्वारापुरी कंचन की रे....

अभिमान का काला नाग जिसे डस जाता है वह स्वरूप को भूल जाता है और पर रूप में रमण करने लगता है, कवि उसे फटकारता हुआ कह रहा है—

मिजाजी ढोला, टेढ़ा क्यों चालो चकिया मान में :
मदिरा का झोला,
जैसे तू आयो रे तोफान में ॥
टेढ़ी पगड़ी बंट के जकडी
ढके कान एक आंख।
पटा बंक सा बिच्छु डङ्क सा
रहा दर्पण में मुख झांक ॥

आगमिक-तात्त्विक बातों को भी कवि ने अत्यधिक सरल भाषा में संगीत के रूप में प्रस्तुत किया है।

भाव नौकरी, क्षमा माता शीतला, वैराग्योत्पत्ति के कारण, भरत-पच्चीसी, प्रभृति रचनाएं भी आगम के रहस्यों को अभिव्यंजित करती हैं।

कवि मानवता का पुजारी है। मानवता के विरोधियों पर उसकी वाणी अवश्य ही अंगार बनकर बरसी है। निह्नव भावना, सप्तढालिया शीर्षक रचना मुनि श्री की एक आलोचनात्मक कृति है। अनाचार की धुरी को तोड़ने के लिए और युग की तह में छिपी हुई बुराइयों को नष्ट करने के लिए उनका दिल क्रान्ति से उद्वेलित हो उठा है। वे विद्रोह के स्वर में बोले हैं, उनकी कमजोरियों पर तीखे बाण कसे हैं, और साथ ही अहिंसा की गम्भीर मीमांसा प्रस्तुत की हैं।

मैं एक बात प्रबुद्ध पाठकों से नम्र निवेदन करना चाहूँगा कि प्रस्तुत कृति को पढ़कर भड़कें नही, जोश और रोप में होश को खोये नहीं, किन्तु शान्त मस्तिष्क से इसका अध्ययन करें और साथ ही उस युग का

अध्ययन करें जिस वाद-विवाद के युग में तत्वबोध के लिए इसक
निर्माण हुआ था।

आज का युग संगठन का युग है, चारों ओर संगठन की स्व
लहरी मुखरित है, एक सम्प्रदाय दूसरे सम्प्रदाय के सन्निकट आ रह
है। ऐसे समय इस कृति को प्रकाश में न लाई जाय, ऐसा परम श्रद्धे
सद्गुरुदेव का विचार था, परन्तु जैन समाज के एक वरिष्ठ विचार
सन्त का यह सुझाव मिला कि इस प्रकार की आलोचनात्मक कृतिय
को प्रकाश में न लाई जायगी तो बहुत से ऐतिहासिक सत्य-तथ्
अन्धकाराच्छन्न हो जायेंगे। उनके सुझाव को सम्मान देकर ही इसे
पुस्तक में स्थान दिया गया है, इतिहास के प्रेमी इसमें सत्य तथ्य की
अन्वेषणा करें।

चरित्र-खण्ड में जैन इतिहास की अनेक प्रेरणाप्रद कथाएं हैं।
मरुधरधरा में सर्वप्रथम स्थानकवासी जैन धर्म का प्रचार करने वाले
आचार्य प्रवर श्री अमरसिंह जी महाराज का भी संक्षिप्त चरित्र है।

सम्पादन करते समय जितनी रचनाएं मुनि श्री को उपलब्ध हो
सकी थीं उनको पुस्तक में स्थान दिया गया है, उसके बाद भी अनेक
रचनाएं उपलब्ध हुई हैं, जो पुस्तक में स्थान प्राप्त नहीं कर सकी हैं।

श्रद्धेय सद्गुरुवर्य ने इस संकलन को तैयार करने में बहुत ही
श्रम किया है, अनेकों भण्डारों को निहारा है, अनेक साधु-सतियों व
श्रावकों से सामग्री उपलब्ध की। इस प्रकार एक अज्ञात जैन सन्त
कवि को प्रकाश में लाया है। मैं श्रद्धेय गुरुदेव श्री का अभिनन्दन
करता हूँ कि जिन्होंने सरस्वती के सुन्दर सदन में ऐसा अनमोल उपहार
अर्पित किया है।

व० स्थानकवासी जैन स्थानक
दादर, बम्बई–२८
८–१–६८

— देवेन्द्र मुनि

नेम वाणी

गणधर गौतम

तर्ज : ख्याल

गणपति दून्दाला थानें मनाऊँ गौतम देवता।
द्वादशांगी सूंडाला नरपति सुरपति थांने सेवता ॥टेर॥

महादेव मोटा महावीरजी, धर्म तात ठहराया।
गवरी जबरी अम्मा तुमची, जिन वाणी सुत जाया।
जिन वाणी सुत जाया कि–जिण से जागिया।
मोह निद्रा से ऊठ भूठ, सब त्यागिया ॥गणपति० ॥१

प्रथम संघेण संठाण विराजे, सात हाथ तनु सोहे।
फून्दफून्दाला रूपरूपाला, सुर नर रा मन मोहे।
सुर नर रा मन मोहे के, जगमग दीपता।
पाखण्डी सुर नर जिण से, कोई नहीं जीपता ॥गणपति० ॥२

ग्यारा गणपति चवदे सहस्र मुनि, सबमें शिरोमणि आप।
श्रीमुख भगवइ भाषिया सरे, दिन दिन चढत प्रताप।
दिन दिन चढत प्रताप के, लब्धि भण्डार हो।
अष्ट सिद्धि नव निधि, बुद्धि के दातार हो ॥गणपति० ॥३

मंगलाचरण प्रथम विनायक, मैं सिमर्यो गण ईश।
सुख सम्पत्ति आनन्द वर्तावे, शान्ति करो जगदीश।
शान्ति करो जगदीश के, मैं शरणे आवियो।
रिख नेमिचन्द ने तो, गजानन ऐसो गावियो ।।गणपति० ।।४

अमरसिंघाडे पूज्य पुनम गुरु, मैं भेटचा बड भाग।
उगणींसे सतसठे आषाढू, नागोरचा के बाग।
नागोरचा के बाग, भीलाडे आविया।
दरिखाने धारिवाडों के, चौमासा ठाविया ।।गणपति० ।।५[1]

---

१. भगवती सूत्र शतक. १, उद्देशक १ के आधार से।
(ख) त्रिषष्ठि शलाका पुरुष चरित्र पर्व १० सर्ग ५ के आधार से।

शान्तिनाथ

तर्ज : सेवो श्री रिष्टनेम । ज्यां घर वर्ते कुशलजी क्षेम

शान्ति शान्ति करे । जो एक चित्तसे प्रभु ने सिमरे ।
ज्यांरा विघन हरे । सोलमाँ जिनजी रो ध्यान धरे ।।टेर।।

मेघरथ राजा हुवा परभव माय ।
पारे वाने साता दीधी जिन राय ।।शा०।।१

संजमाले प्रभु करणी कीध ।
सुखे पधारचा प्रभु स्वार्थ सिध।।२

त्यांथी चवि हत्थिनापुर आय ।
विश्वसेन राजा अचलादेवी माय ।।३

आगे हुंतो कुरु देश मझार ।
मृगी मार सुंदुःखी हुवा नर नार ।।४

मृगी आवे ने लोग पट मर जाय ।
अनेक मरचां री गिणति न थाय ।।५

यंत्र मंत्र राजा करे रे उपाय ।
देव धोक्या तो ही दुःख नहीं जाय ।।६

दवा न लागे राजा थयो रे उदास ।
इतरे महाराणी रे आयो तीजोजी मास ।।७

डोलो उपनो ने राणी करे रे विचार ।
साता वर्तावूं हूँ तो सगले संसार ॥८

राजा पूछ्यो राणी कहीं सब बात ।
जाण्यों पुण्यवन्त पुत्र साख्यात ॥९

परीक्षा करण राजा कलवाणो कीध ।
पाया साता हुई बात परसिद्ध ॥१०

लोक आवे जद गुटकी ले जाय ।
पावे जरे सुख साता जी थाय ॥११

इम करतां हुवा सवा नव मास ।
जगन्नाथ जन्मिया हुवो रे प्रकाश ॥१२

महोत्सव कियो चोसट इन्द्रज आय ।
प्रभु को स्नान जल लियो सुरराय ॥१३

छाँटा नाख्या देव गाम गाम जाय ।
साता हुई सारा देश रे माय ॥१४

लोक हरख्या सब देवे आशीश ।
भलो जन्मियो शान्तिकरण जगदीश ॥१५

सब लोक री साख राजा कहे एम ।
इण पुत्र सु' हुवा म्हारे कुशल ने क्षेम ॥१६

गुण निष्पन्न नाम दियो सब साथ ।
शान्ति वर्ताई जिणसु' दियो शान्तिनाथ ॥१७

वालपणा में माता लाड लडाय ।
रतना रे पालणे झूले जिनराय ॥१८

जोवन में परणिया राजकुमार ।
एक लाख राणियाँ बाणु हजार ॥१९

कुँवर हुवा ज्याँरे डेढ करोड ।
संजय लियो प्रभु सगलां ने छोड ॥२०

षट् पदवी पाई आउखो वर्षज लाख ।
मुगति पधारिया ज्यांरी सूत्र में साख ॥२१

डोला तणो यहाँ भाष्यो अधिकार ।
सज्झाय बधन नहीं कियो विस्तार ॥२२

तिण सुं डोला रो स्तवन दीधो जी नाम ।
गावे जिको पावे सुख आराम ॥२३

पूज्यजी पुनमचंदजी रे प्रशाद ।
रिख नेमिचंद किया प्रभुजी ने याद ॥२४

समत उगणोसे साठे सुखदाय ।
चौमासो कियो शहर जालोर रे माय ॥२५

नित्य ऊठ स्तवन गिणे जो प्रभात ।
आनन्द मंगल ज्यांरे सुख संगात ॥२६[1]

---

१. (क) त्रिषष्ठिशलाका पुरुष चरित्र; आचार्य हेमचन्द्र के आधार से ।
(ख) शान्तिनाथ चरित्र के आधार से ।

पनरिया यंत्र में नवपद-स्तुति

पनरिया यंत्र

९	१	६
३	५	७
४	८	२

राग : नाम जपो श्री जिन रुडो

नवपद को भवियण ध्यान धरो ,
यो पनरियो यंत्र तो शुद्ध भरो ।।टेर।।

शासनपति अरु सद्गुरु ध्यावूं, पनरियो यंत्र नव पद गावूं ।
जिनवाणी अक्खर दो सखरो । नवपद को भवियण… ।।१

चारित्र अष्टम पद परखो, पहले पद अरिहंत निरखो ।
छठ्ठे पद ज्ञान सदा सिमरो । नवपद को भवियण… ।।२

आचारज तीजे पद सोहे, पंचमे पद साधु मन मोहे ।
सातमें दर्शन शुद्ध करो । नवपद को भवियण… ।।३

चौथे पद नमो उवज्झाया, नवमें पद करो तप मन च्हाया।
दूजे पद सिद्ध वेग वरो। नवपद को भवियण··· ॥४

इण पर जाप जपे जग में, घर बैठा भूप पडे पग में।
परदेश भटकताँ काँई फिरो। नवकार को भवियण··· ।५

आ दुश्मन दूर से पाय पड़े, वलि भूत प्रेत तो नाहिं अड़े।
तो विषम स्थान सु काँई डरो। नवपद को भवियण·· ॥७

रोग शोग आदि संकट चूरे, वलि सर्पादिक विष जाय दूरे।
लक्ष्मी बढे वलि विघन हरो। नवपद को भवियण... ॥८

यो अष्टक नेम मुनि ने कह्यो, जो प्रात पढे ज्याँरो कष्ट गयो।
श्री पूज्य पुनम परशाद तरो। नवपद को भवियण··· ॥९

चैत्र आसोज सुद सातम ने, नव आयम्बिल पूरे पुनम ने।
साढे चार वर्ष लग तप करो। नवपद को भवियण··· ॥१०

नव आयम्बिल ओली शुद्ध कियाँ, श्रीपाल भूप का कोढ गया।
सब जाप जपो इण नव पद रो। नवपद को भवियण··· ॥११[1]

---

१. श्रीपाल चरित्र के आधार से

पनरिया यंत्र में पंचपद-स्तुति

१	२	३	४	५
३	४	५	१	२
५	१	२	३	४
२	३	४	५	१
४	५	१	२	३

राग : पूर्ववत्

लेवो पनरिया यंत्र पंच पद शरणा ।
यह पच्चीस कोठा इण परभरणा ॥टेर

अरिहन्त सिद्ध ने आयरिया, उवज्झाय साधु सब तिरिया ।
पहली ओली इण विध करणा । लेवो पनरिया० ॥१

आचार्य वलि है उवज्झाया, साधु अरिहन्त सिद्ध पद पाया ।
यह दूजी ओली में चित्त धरणा । लेवो पनरिया० ॥२

साधु अरिहन्त सिद्ध ध्यावो, आचार्य उपाध्याय रा गुण गावो ।
तीजी ओली में यही वरणा । लेवो पनरिया० ॥३

सिद्ध आचारज भजे तो नफो, उपाध्याय साधु अरिहन्त जपो ।
चौथी ओली रा करो निरणा । लेवो पनरिया० ॥४

उपाध्याय साधु अरिहन्ता, नमो सिद्ध आचार्य गुणवन्ता ।
यह पंचमी ओली तो सिमरणा । लेवो पनरिया० ॥५

इण यंत्र उपर गिणे नवकारो, पूरण एक सो अठवारो ।
ज्यारा दुःख तो सारा दूर हरणा । लेवो पनरिया० ॥६

चोट मुट्ठ दुट्ठ नहीं लागे, वलि वैरी निन्दक दूरा भागे ।
अनड आय भेटे चरणा । लेवो पनरिया० ॥७

यह ध्यान धरे ज्यारे पूठे, सरस्वती ज्ञान लक्ष्मी टूटे ।
फिर इह भव पर भव दो ही तिरणा । लेवो पनरिया० ॥८

मुनि नेम पुनम परशाद भणे, इण यंत्र उपर नवकार गुणे ।
यह मंत्र बड़ा मंगल करणा । लेवो पनरिया० ॥९

अरिहन्त उज्ज्वल वलि सिद्ध राता, आचार्य पीला है धर्मदाता ।
उपाध्याय कह्या नीले वरणा । लेवो पनरिया० ॥१०

साधु ने श्याम वरण भाखे, इण बात रा ग्रन्थ केई साखे ।
पंच वर्ण का ध्यान धरणा, लेवो पनरिया० ॥११[1]

---

१. श्रीपाल चरित्र के आधार से

पैंसटिया यंत्र में जिन-स्तुति

१	१८	२१	२	२३
१९	१६	९	१४	७
२०	११	१३	१५	६
२२	१२	१७	१०	४
३	८	५	२४	२५

राग : सवैया

ऋषभ ने अर्हनाथ, नमि रु अजित जिन।
पार्श्व मल्ली शान्ति प्रभु, जग साताकारी है ।।
सुविधि अनन्त प्रभु, सुपार्श्व मुनि सुव्रत।
श्रेयांस विमल विभु, धर्म धर्म धारी है ।।
पद्मप्रभुरिष्ट नेमि, वासुपूज्य कुन्थुस्वामी।
शीतल अभिनन्दन, मुक्ति के दातारी है ।।
शंभव है चन्द्रप्रभ, सुमति श्री वर्धमान।
पच्चीसवाँ गौतमजी, गुण के भण्डारी है ।।

सवैयो सवायो कीनो, नेमिचन्द्र रच दीनो।
पैंसटिया यंत्र यांहि, चौबीसी तो सारी है ॥१[1]

१. चतुर्विंशति स्तव० (ख) भगवती० श० २, उ० ८

चौवीस जिन का वर्ण-वर्णन

राग : चौपाई की

पद्म प्रभु वासु पूज्य दोय।
राते वर्णे शोभे सोय ॥१
चन्द्रप्रभु ने सुविधि नाथ।
उज्जल वर्णे जिन विख्यात ॥२
मल्लीनाथ ने पार्श्वनाथ।
नीले वर्णे जोडूं हाथ ॥३
मुनि सुव्रत ने नेमिनाथ।
अंजन वर्णे दो साख्यात ॥४
सोले कंचन वर्णां गात।
चौवीस जिन प्रणमूं प्रभात ॥५
नेम भणे पुनम परशाद।
उदियापुर जिन कीना याद ॥६[1]

---

१. भगवती शतक० २, उ० ८

अष्टोत्तरशत गुण वर्णन

राग : पूर्ववत्

बारे गुण अरिहन्ता रा जाण ।
सिद्ध रा गुण तो आठ बखाण ॥१

आचारज रा गुण छत्तीस ।
उपाध्याय रा गुण पच्चीस ॥२

साधु गुण सत्तावीस धारा ।
प्रणमूं मैं तो वारम्वार ॥३

अष्टोत्तर शत गुण तो गणिया ।
माला रा हो इतरा ही मणिया ॥४

नेम भणे पुनम परताप ।
म्हारे पंच परमेष्टी आप ॥५

सीमन्धर-स्वामी के गुण

राग : सुख कारण भवियण

जय सीमन्धर-स्वामी, शिव सुख रा दातार ।
पुक्खलावती विजय, पूर्व विदेह मझार ॥१

पुंडरिगिणी नगरी, श्रेयांस नाम भूपार ।
ज्यांरे सत्य की राणी, स्वप्न लिया दसचार ॥२

कुन्थु अर जिन अन्तर, सीमन्धर जी जाया ।
बालकवय मूकी, यौवन वय में आया ॥३

मात तात प्रसन्न हो, रुक्मणी ने परणावे ।
भौतिक सुख भोगी, संजम लेन उमावे ॥४

मुनि सुव्रत नमि अन्तर, दीक्षा लीनी आप ।
केवल वली पाम्या, घातिक कर्म ने काप ॥५

चौरासी लख पूर्व, आयुष्य जिन नो जाण ।
वृषभ वर लंछन, शोभा अधिक वखाण ॥६

गणधर चोरासी, मुनिवर तो सो क्रोड ।
वली तीन भवन में, कुण करे ज्यांरी होड ॥७

दश लाख केवली, प्रभुजी रो परिवार ।
लोकालोक रा, जाणे सभी विचार ॥८

उदय पेढाल जिनवारे, पावे पद निर्वाण ।
पूज्य अमर सिंघाड़े, पूज्य पुनम गुरु जाण ॥९

उगणीसे पचासे, कात्तिक मास मझार ।
शहर उदियापुर में, भणे नेम अणगार ॥१०

ऋषभदेव को उपालम्भ

तर्ज : लाल केसिया की

केशर वरणा-आयो-आयो थांरे दरबार रे वाला,
हाथ जोड़ी करूँ विनति रे लो।
केशर वरणा-जाण्यो जाण्यो थारो स्वरूप रे वाला,
सद्‌गुरु जगायो मोह निन्द थी रे लो ।।टेर।।

केशर वरणा थारे म्हारे घणा भवाँ री प्रीत रे बाला,
बालपणा में आपां भेला खेलता रे लो।
केशर वरणा कदीयक हुवा तात ने मात रे बाला,
कदीयक मंत्री बरा बागाँ टेलता रे लो ।।१

केशर वरणा कदीयक हुवा मामा ने भाणेज रे बाला,
कदीयक नानी मा लाड लडावता रे लो।
केशर वरणा कदीयक सासु सुसर देवर जेठ रे वाला,
कदीयक साला साढु लाडु खावता रे लो ।।२

केशर वरणा सर्व सगपन तो किया अनंति वार रे वाला,
प्रीतडली वन्धाणी ताणी न टूटती रे लो।

केशर वरणा घणा किधा ऐश आराम रे वाला,
बिच्छडता आंसुडा री धारा छूटती रे लो ॥३

केशर वरणा एक घडी री पाले जग में प्रीत रे वाला,
थारे ने म्हारे भवभव री दोसती रे लो।
केशर वरणा समर्थ धारे तो सारे सेवक काज रे वाला,
नहीं रे बिगाडे जरा रोशती रे लो ॥४

केशर वरणा नेडो तांतो दीधो थे तो तोड रे वाला,
याद आवे ज्युं खटके कालजे रे लो।
केशर वरणा ओलम्बडे मत खीजे म्हारा नाथ रे वाला,
महर करी ने सामो नालजे रे लो ॥५

केशर वरणा बिना मिल्या गया मुझ ने छोड रे वाला,
मुगति में जाता नहीं पल्लो झालतो रे लो।
केशर वरणा आडो फिर नहीं देतो अन्तराय रे वाला,
भव थिति पकती तो संग चालतो रे लो ॥६

केशर वरणा खैर करी म्हारे दूजो न आवे दाय रे वाला,
हुवो न्यारो तो ही प्यारो लागे तू धणी रे लो।
केशर वरणा इम छीटकाई थै तो निकल्या रे वाला,
हिवडा सुं निकलो तो जाणु तो भणी रे लो ॥७

केशर वरणा मैं पण अब नहीं छोडूं थारो लार रे वाला,
तजिया रे घर मिलवा थारे कारणे रे लो।

केशर वरणा छोड्या छोड्या सर्व परिवार रे वाला,
धायो रे उमायो थारे बारणे रे लो ॥८

केशर वरणा आई आई अमावश री रात रे वाला,
केवल नहीं रे पंचमकाल में रे लो।
केशर वरणा दिन उगा तो मिलशु तुझ ने आयरे वाला,
अब नहीं पडशां जग जंजाल में रे लो ॥९

केशर वरणा मार्ग बताओ पूज्य पुनम महाराज रे वाला,
आय खडो रे माणक चौक में रे लो।
केशर वरणा नेमिचन्द नहीं मांगे धन माल रे वाला,
सगलो ही भर पायो मेलो मोक्ख में लो ॥१०

राजमती का उत्तर

तर्ज : तंदूरे के भजन की

कैसे मुरझाई, देखत वर कारो ए, कैसे० ॥टेर॥

कारो कारो मत कर सहियर, कारो मोहनगारो ए।
इन्द्रों से भी अधिको दीपे,
लक्षण सोहे तन अठ एक हजारो ए। कैसे० ॥१

एक गयो तो जाणदे राजुल, जग में लख भरतारो ए।
धीरज धरिये चिन्ता न करिये,
और परणांसा गढपति सरदारो ए। कैसे० ॥२

भोली सहियर भेद न जाणे, जादव कुल सिनगारो ए।
क्रोडाँ तारा मिल जोत प्रकाशे,
एक न तुले कोई चन्द रो उजियारो ए। कैसे० ॥३

संग सात से भई सहेलियाँ, लीधो संजम भारो ए।
रिख नेमिचन्द कहे गई गुफा में,
प्रतिबोध्यो रहनेम अनगारो ए। कैसे० ॥४

मुनि सुव्रत स्वामी

राग : हो नाथजी

हो नाथजी शरण तुम्हारे आवियो,
मन भावियो, चित्त चाहवियो ॥

मुनि सुव्रतजी स्वामी, मैं तो आयो मेरे काम,
सदा रहूँ तेरे धाम, मोरा नाथजी ॥टेर॥

हो नाथजी, दौड़त दौड़त धामियो,
मोक्ष पामियो, नीठ गामियो ।
पोमावइ नो अवतार, सुमति नृप नो कुमार,
म्हारा प्राण रा आधार, मोरा नाथजी ॥१

हो नाथजी, द्वार खड़ो अरजी करूँ,
पलो पातरूँ, खोलो भरूं ।
गुनाह करो बक्सीस, नहीं करूं मैं पापिस,
हुकम चढावूंगो शीश मोरा नाथजी ॥२

हो नाथजी नाम से ग्रह संकट टरे,
शनि दशा हरे, सम्पत करे ।

शरण सेवक है खास, दुष्ट कर्म जाय नाश,

देवे शिवपुर वास मोरा नाथजी ॥३

हो नाथजी, नेमिचन्द शरणे थायरे,

तूं धणी म्हायरे, मेरी चाह हरे।

प्रभुजी रखो मेरी लाज, पूज्य पुनम महाराज,

पन्ना जैसा संजम साज मोरा नाथजी ॥४

पार्श्वनाथ-स्तुति

राग : आशावरी

नाथ कैसे नागिनी नाग बचायो ।
म्हांने योही अचम्भो आयो ।। टेर ।।

तापस नियाणो करने मर्यो, कमठासुर पद पायो ।
पार्श्व प्रभु पण संजम लीनो, वन खण्ड ध्यान लगायो ।।१

वैर चितारी कमठासुर आयो, नवघन जल वरसायो ।
प्रभु नासा तांई नदियां आई, रोम न एक चलायो ।।२

प्रगट भई धरेन्द्र पद्मावती, सप्त फण छत्र धरायो ।
कमठ आयो अपराध खमायो, नाटक देव रचायो ।।३

केवल ले प्रभु मोक्ष सिधाया, शरणे नेमिचन्द आयो ।
तो सम मुझको करदो स्वामी, तो सगलो ही भर पायो ।।४

गुण स्थानों की मार्गणा

राग : अरणक मुनिवर चाल्या गोचरी

इण पर जीवडो रे गुण ठाणे फिरे ॥ टेर ॥

प्रथम गुण स्थाने रे मारग चार कह्या,
तीन चार पंच सातो रे।
गुण ठाणे दूजे रे मारग एक छे,
पडतां पैले मिथ्यातो रे ॥१

गुण ठाणे तीजे रे रस्ता चार छे,
पड़े तो पेले आवे रे।
चढे तो चौथे के वलि पांचमें,
सातवें उत्कृष्ट जावे रे ॥२

गुण ठाणे चौथे रे पन्थ पांच छे,
प्रथम रु दूजे तीजे रे।
चढे तो पंचमें के वलि सातमें,
पंच पंचम रा सुण लीजे रे ॥३

श्रावक पड्यां थी मिथ्यात्वी हुवे,
के दूजे तीजे के चौथे रे।
चढे तो जावे रे सीधो सातमें,
जो भाव रहे शुद्ध पोते रे ॥४

खट् में खट् दरवाजा दाखिया,
पड़े तो पेले के पांचे रे।
चढे तो जावे रे अप्पमय सातमें,
भावना आगे खांचे रे ॥५

सात में तीन रे चढे तो आठ में,
पड़े तो चौथे के छट्ठे रे।
आठ में चढे तो नवमें जाण जो,
चार सात वलि घट्टे रे ॥६

नव में तीन रे चढे तो दायको,
पड़े तो चौथे के आठे रे।
चार मार्गणा रे दशमा नो कही,
कर्म बांधे केई काटे रे ॥७

दो निस्सरणी रे चढवा नी सही,
उपशम क्षयोपशम श्रेणो रे।
पड़े तो नवमे के चौथे आवसी,
वे सत्य श्रद्धे जिन वेणो रे ॥८

काल करे जो रे गुण ठाणे ग्यारवें,
तो अनुत्तर विमाने मेले रे ।
निश्चय पडवो रे चढवो है नहीं,
पड़े तो खट् दश पेहले ॥९

पड़े न बारवें जावे तेरहवें,
तेरे सुं चवदमें जावे रे ।
चवदमें गुण ठाणे रस्तो छे नहीं,
सिधो सिद्ध पुर सिद्धावे ॥१०

उन्नीसे तिहोत्तर माह वदी अष्टमी,
पूज्य पुनम परशादो रे ।
दूधांरे वाडे रे नेम पन्ना मुनि,
करीया मार्गणा यादो रे ॥११

भाव नौकरी

दोहा

शासनपति प्रणमी करी, सद् गुरु के प्रसाद ।
भाव नौकरी मैं रचूं, चतुरा लागे स्वाद ॥१

हलकारो समदृष्टि है, श्रावक सेणो कणवार ।
सुगुरु मुसुद्दी आकरा, कामदार सरकार ॥२

गणच्छेदक हाकिम बड़ा, प्रोहित उपाध्याय ।
गणधरजी दिवान है, राजा श्री जिनराय ॥३

पंचेन्द्री जोवन पणें, चेतन करे विचार ।
करूं नौकरी जिन तणी, जिम उतरूं भव पार ॥४

हलकारा सुं मिल्यो प्रथम, सेहणो दियो वताय ।
कणवारियो कामदार ने, चेतन दियो मिलाय ॥५

राग : ख्याल की

चेतन कहे कर जोड़ ने सरे, सुणो मेरी अरदास ।
कामदार जिनवर तणा सरे, आप तणो विश्वास रे ॥१

सत्गुरु मुसुद्दी अब तो लगादो जिनकी नोकरी ।
मुझको प्रति बोधी, खर्ची बंधाइदो जावण मोक्षरी ॥ टेर ॥

काल अनन्ता हो गया सरे, कर्जा बढा अपार ।
खर्चा को लेखो नहीं सरे, नफा न दीसे लगार रे ॥सत्०॥२

अति मेंगाई घर में तंगाई, अर्ज करूँ तुम साथ ।
दरबार सु कुण मिलण देवे, बात मुसुद्दी हाथ ॥सत्०॥३

कामदार सत् गुरुजी बोल्या, तू नादानी बाल ।
उमेदवारी में रहो तुम चेतन, परखां थांरी चाल रे ॥४

सुण चेतन तेरी पीछे करायदा तनख्वाह आकरी ।
तुम मानो मेरी करजो तन मन से सुधी चाकरी ॥ टेर ॥

हुकम सुणी मुसुद्दी केरो, चेतन भयो खुशाल ।
सुणे बखाण सामायिक पाटी, सीखे बोलने चाल रे ॥सुण०॥५

जब हलकारो थापियो सरे, लिधो है समकित सार ।
विशेष लगन से श्रावक कर के, थाप्यो सेणो कणवार रे ॥सु०॥६

कामदार जाण्यो चेतन ने, कांइक तरक्की पाई ।
पांच दस को महिनो कीनो, करोइक मुहूर्त्त समाई रे ॥सु०॥७

तंगाई मिटती नहीं देखी तब, रोजगार बढावे ।
तीस को महिनो कर दीनो एक, मुहुर्त्त नित्य का ठावे रे ॥सु०॥८

अहोनिश मुहूर्त्त का है जिसमें, व्रत का एक कमाया ।
उगणीस मुहूर्त्त अव्रत केरा, खर्च में काल गमाया रे ॥सु०॥९

खर्च गुणतिस को पैदा एक की, काम किसी विध चाले ।
कर्म लेणायत हुवा आकरा, देणो किस विध पाले रे ।।सु०।।१०

यों तो पार पड़े नहीं मेरे, अब और करो उपाय ।
कहे मुसुद्दी संजम ले लो, सारो खर्च मिट जाय रे ।।सु०।।११

नवो खर्च संजम सुं रुकसी, जो देणो पेला को बाकी ।
सो तप करनें सभी चुका दो, तो रे जावे तुम नाकी रे ।।सु०।।१२

कहे चेतन मैं वाही कर सुं, नहीं लोपूं तुमची कार ।
खर्च मिटा दो कर्ज चुका कर, जिमतिम करदो पार ।।सु०।।१३

बोले गुरुजी सुण रे चेतन, काम संजम को भारी ।
मेण दांत लोह चणा चाबणा, सीखो नीति हमारी रे ।।सु०।।१४

कहे चेतन रीति सब जाणूं, हुक्म करो जिम चालूं ।
घणो घबराणो मार्ग आणो, आज्ञा जिनेन्द्र की पालूं रे ।।१५

हुलसाणो म्हैं तो अब तो मुझ मिलसी पदवी मोट की ।
हुवो सफलज आणो आशा लग रही है शिवपुर कोट की ।। टेर ।।

कामदार हाकिम ने पूछे, उणने प्रधान बताया ।
वो दरबार को मालूम किनी, उणने हुकम लगाया रे ।।१६

अहो उत्तम प्राणी अब तो सुधरेगी तेरी आतमा ।
परणो शिवराणी होसी पदवी धर तू परमातमा ।। टेर ।।

रोम रोम हुलस्यो सुण चेतन, लिनो संजम भार ।
गुरु भक्ति करणी शुद्ध करता, भरियो ज्ञान भण्डार रे ।।हु०।।१७

अनेक शास्त्रों के रहस्य को जाणी, कामदार पद पायो ।
प्रसिद्ध जस फैल्यो मुलकों में, शिष्य परिवार बढायो रे ।।हु०।।१८

अब आई हाकिमी गणावच्छेदक री, हुवा सिंघाडे में करता ।
धीर गंभीर ज्ञान के दाता, उपाध्याय पद धरता रे ।।हुल०।।१९

चार संघ मिल ने जब थापें, आचारज के पाट ।
भए पूज्य प्रधान की पदवी, खूब लगाया ठाठ रे ।।हुल०।।२०

वीस स्थानक सेवें जद चेतन, पहुँचे देव विमान ।
चव तीर्थंकर होवे जिनकी, तीन लोक में आण रे ।।हुल०।।२१

सब से मोटी पदवी यह तो, खुब जुडे दरबार ।
इण रीतें दरजो चढ चेतन, हुवो सिद्ध श्रीकार रे ।।हुल०।।२२

द्रव्य नौकरी करी अनन्ती, गरज सरी न लगार ।
भाव नौकरी जो करे तो, करदे बेड़ा पार रे ।।हुल०।।२३

ये भाव नौकरी गुरु कृपा से, रिख नेमिचन्द किनी ।
पूज्य पुनम महाराज मया कर, यह पदवी मुझ दिनी रे ।।हुल०।।२४

उगणीसे छासठ चौमासो, शहर जयपुर में ठाया ।
पूज्य अमरसिंघजी के सिंघाड़े, आनन्द रंग वर्षाया ।।हुल०।।२५

क्षमा माता शीतला

राग : ख्याल

म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता या पूजूं शीतला ।। टेर ।।

तो सम शीतल नहीं कोई जग में, सब जग वल्लभकारी ।
अरिहन्त तुझने आदरी स तूं, सदा सुहागण सिंणगारी है ।।
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता पूजूं शीतला ।।१

थारे माथा में नेम महमद मुकट है, धीरज रखड़ी सोहे ।
सुमन बोर थारे मोत्या जड़ियो, सुरनर ना मन मोहे है ।।
म्हारो भाव भवानी क्षम्या माता पूजूं शीतला ।।२

श्रुत दर्शन कुंडल दो कानें, नियम की नथडी भटके ।
नीलवट टीको है तपस्या को, विजली ज्यूं तन चमके है ।।
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता पूजूं शीतला ।।३

किरिया काजल सारचो है माता, सुबुद्धि बिंदली भालो ।
ब्रह्मचर्य तिमण्यो हीरा जडचो, थारे गले पानडी वालो है ।।
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता पूजूं शीतला ।।४

चुडो है चित्त उजलो स माता, बुध बाजुबन्ध भारी ।
ज्ञान गुजरी सोवन जडी थारे, चूडी की छवि न्यारी ।।
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता पूजूं शीतला ।।५

व्रत विंटी हथपान विराजे, नवतत्त्व नवसर हार।
नववाड नेउर नें कड़ियाँ, पाय झाँझर झणकार है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥६

पंच महाव्रत को कांचवो स थारे, जड़ी को रचो है फेर।
शील दिखणी को चीर जगामग, तिगुण घाघरा रो घेर है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥७

सम्यक्त्व रंग की मेंहदी है राची, थारा रूप तणो नहीं पार।
मद्दव रूप खर को असवारी, खूब किया सिणगार है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥८

दान[१] शीयल[२] तप[३] भावना[४] सरे, देव[५] गुरू[६] ने धर्म[७]।
शील सातम ये सातों पूजियां, तूटे आठों ही कर्म है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥९

सत्य का चावल[१] लाभ लापसी[२], दान आका[३] गुण घाट[४]।
उपशम जल[५] सुकृत सोपारी[६], श्रीफल[७] दया दही[८] आठ है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥१०

आयम्बिल ओल्यो[९] करवो ये नव नेवज, सुमति सखियाँ पूजे।
तीन तत्त्व त्रिशूल हाथ में, शिर दुश्मन का धूजे है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥११

सत्तरे संजम वाजा वाजे, स्तवन गीत तंदूर।
चार तीर्थ थारे आवे जातरू, वणी सभा भर पूर है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥१२

माथा रो मुकुट मंड सांकडो स रे, जरा न चोवट जटे।
ध्यान ध्वजा तेरे फरे शिखर पर, तीन लोक थारे पट्टे है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥१३

भव्य जीव बालुडां री ये माता, साता दे भरपूर।
नेमिचन्द थारे चरणे लागो, दुःख सब करदे दूर है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥१४

संवत उगणीसे साल त्रेपने, शील सातम दिन याद।
गांव भटेवड गाई दरोली, पूज्य पुनम प्रसाद है ॥
म्हारी भाव भवानी क्षम्या माता ए पूजूं शीतला ॥१५

मुक्ति का मेला

राग : ख्याल

तुम चलो मुगत में, मेलो भरायो, श्री जिनराज को ।।टेर।।

उस मेला में आविया सरे, बड़े बड़े महाराज ।
चक्री बलदेवा मांडलिक राजा, वे सारे आतम काज जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।१

साधु साध्वी श्रावक श्राविका, उस मेला में ठाठ ।
केई गया केई जावसी सरे, केई त्यारी केई वाट जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।२

ज्ञान का वागा जगमगे सरे, समकित भूषण धार ।
केवल दर्शन देखता सरे, मेला का सिणगार जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।३

तीन से इगतालीस राजु में सरे, बड़ी देखण की हलक ।
तीन लोक के उपर बैठे, देख रहे सब खलक जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।४

असंख्याता द्वीप समुद्र, देव लोक बड भारी ।
नदियाँ पर्वत बाग बगीचा, देखे रचना सारी जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।५

उस मेला में सुख शास्वता, जावे सो नही आवे ।
अणगिणति का भेला हुवा, जोत में जोत समावे जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।६

पूज्य पुनम बताविथो सरे, उस मेला को गेलो ।
नेम करे है अर्ज गुरु अब, मुझको झटपट मेलो जी ।।
तुम चलो मुगत में मेलो भरायो श्री जिनराज को ।।७

बाइस सम्प्रदाय

राग : ख्याल

इण पंथ में आ रे, बाइस समुदा रो मार्ग दीपतो ।
इण जैन धर्म में, बाइस समुदा रो मार्ग दीपतो ॥टेर॥

बाइस परिसा जीतता सरे, बाइस समुदाय बाजे ।
बाइस पूज्य हुवा गुणधारी, जांको जस बहु गाजेजी ॥इण०॥१

बाइस शिला पर ध्यानज धरता, बाइस वे मुनिराज ।
आवे शहर में लोक यों कहता, बाइ समुदा गया बाजजी ॥इण०॥२

पांच समिति तीन गुप्ति आराधे, पांचों महाव्रत लेरा ।
नव ब्रह्म ये बाइसे ही साधे, करण मुगत में डेराजी ॥इण०॥ ३

बाइसे ही रजवाडा बाजे, जीत वैरी कुं दीपे ।
ज्यूं बाइस ये धर्मराज है, पाखण्डियां ने जीपेजी ॥इण०॥४

ज्ञान दर्शन चारित्र तप ये, चारों सेना ले अथाग ।
घुरे चर्चा का जीत नगारा, पाखण्डी जावे भागजी ॥इण०॥५

संवत उगणीसे स ल पचावने, सणवाड वचरत आया ।
बाइ समुदाय को धर्म दीपतो, जाण चोमासा ठायाजी ॥इण०॥६

[संतोष

सतरंगी पचरंगी पनरा, सोला नव पंच आठ।
संवत्सरी की एकावन सो समायां, नित्य सतवारी का ठाठजो ॥इण७

नव हजार पौषा गुण्या सरे, पुणा तीन सो खंद।
सवा लाख सामायिक टांणे, सुणतां चित्त आणन्दजी ॥इण०॥८

उगणीसे पंचावन काती, सुद पुनम सुखकन्द।
पूज्य पुनम महाराज प्रशादे, कहे रिख नेमिचन्दजी ॥इण०॥९

चौमासा को विहार करी ने, बांके भेरूं आया।
त्याग रात मोटा आरम्भ का, कर गया सगला भायाजी ॥इण.॥१०

अण छाण्यो जल नहीं वापरणो, और घणो उपकार।
बाइसमुदाय की कही लावणी सुण हरख्या नरनारजी ॥इण०॥११

वैराग्योत्पत्ति के कारण

तर्ज : सेवो श्री रिष्ट नेम०

सुणो सुणो नर नार, वैराग उपजे जीव ने दश परकार।
ज्यारो घणो अधिकार, शास्त्र में ज्यारो है बहु विस्तार ।।टेर।।

पहले बोले साधुजी रो दर्शण होय।
मृगापुत्र नी परे लीजोजी जोय ।।सुणो०।।१

दूजे बोले सूत्र सुण्यां उपजे वैराग।
अर्जुन माली नी-परे खुल जावे भाग ।।सुणो०।।२

तीजे बोले जाति-स्मरण उपनोजी आय।
मेघ मुनि नी परे तज देवे काय ।।सुणो०।।३

चौथे बोले गुरां जी रो सुण्यां उपदेश।
पांच पाडण्व नी परे तज देवे क्लेश ।।सुणो०।।४

पांचमे बोले किणरे उपनो जी रोग।
अनाथी मुनि नीपरे ले लेवे जोग ।।सुणो०।।५

छट्ठे बोले उपसर्ग उपनो जी आय।
धमड जी रा शिष्य ज्यूं संथारो देवे ठाय ।।सुणो०।।६

सातवें बोले वस्तु रो मिले संजोग।
भरत चक्री नीपरे तज देवे भोग ॥सुणो०॥७

आठवें बोले किणरे जो पड्यो रे विजोग।
सागर चक्री नी परे तज देवे शोग ॥सुणो०॥८

नववें बोले जागे जो धर्म री रात।
उदाइ राजा ज्युं होवे खट्काय नाथ ॥सुणो०॥९

दशवें बोले मशाणा ने बलताजी देख।
बलभद्र नी परे चेते विशेख ॥सुणो०॥१०

ये दश जोग सु उपजे वैराग।
अन्तस में रुचि होवे देवे घर त्याग ॥सुणो०॥११

गुरु मिलिया पूज्य जी पुनमचन्द।
रिख नेमिचन्द केवे हुवो रे आनन्द ॥सुणो०॥१२

संवत् उगणीसे तरेसट की साल।
सणवाड शहर आया सेखेजी काल ॥सुणो०॥१३

माह सुद सातम ने अदितजी वार।
सणवाड सु कियो माण खण्ड विहार ।सुणो०[1]॥१४

---

१. ठाणांग – १. ठाणा के आधार से।

दोहा

महावीर स्वामी नमूं, प्रणमूं सत्गुरु पाय।
भरत पच्चीसी मैं कहूँ, ते सुणजो चित्त लाय ॥१

तिण काले ने तिण समय, मिथिला नगरी तीर।
माणिभद्र यक्ष बाग हैं, जठे पधारचा वीर ॥२

बैठी बारे परिखदा, देशना दे भगवान।
गोतम जम्बू द्वीप नो, पूछे प्रश्न प्रधान ॥३

वीर कहे जम्बू द्वीप यह, थाली तणे आकार।
लाम्बपणे चउडा पणें, लाख योजन विस्तार ॥४

जम्बू द्वीप नाम क्यों दियो, जम्बू वृक्ष तिण ठाम।
जम्बू वन जम्बू फला, जम्बू अनादी नाम ॥५

जिण में क्षेत्र सात पण, भरत को कियो परिमाण।
बारे आरा री पूछा करी, काल चक्र लग जाण ॥६

भरत में खाडा खोचरा, घणी जंगी ने झाड।
छह खण्ड करी बेचियो, गंगा सिन्धु वेताड ॥७

राग : कपूर होवे अति उजलो रे, वलि सुगन्ध अपार।

बलि गौतम पूछा करेजी, भरत क्षेत्र स्यु स्वाम।
भरत राजा यहाँ उपजेजी, भरत शास्वतो नाम ॥१

भरतेश्वर तेरे तेला करे एम।
छह खण्ड सारु साधवा जी, राज करण के प्रेम ॥भरते०॥टेर॥

दक्षिण भरत मध्य खण्ड वीचेजी, नगरी वनिता सार।
पक्का बारे योजन लम्बीजी, नव जोजन विस्तार।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२

जिण में राज करे भलोजी, भरतेश्वर महाराय।
चक्र रत्न आय उपनोजी, आयुध शाला के माय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥३

बधाई सुण महोछव कियोजी, चक्र चल्यो है आकाश।
सहस्र यक्षों सु अग्नि कुणमेंजी, जातो करे प्रकाश।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥४

भरत लारे कटक हुवोजी, चक्र देखावत नाम।
दण्ड रत्न सडक करेजी, योजन योजन मुकाम।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥५

गंगा नदी सु पश्चिम दिशेजी, तीर्थ मागध जाव।
बारे नव जोजन लगेजी, कीधो है कटक पडाव।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥६

आयुध शाला में तेलो करीजी, बैठा है रथ रे माय।
भिजे रथ धूरि पींजणी जी, ज्यां लगे जल में जाय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥७

चार जात रा देव नेजो, नमी करे सन्मान।
मागध देव ने साधवाजी, बारे जोजन मुके बाण।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥८

वाण देखीने देव कोपियोजी, उठ्यो है तामस खाय।
नामो वांचो ने मन संकियोजी, यह तो भरत महाराय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥९

आभूषण लेईने आवियोजा, प्रणमें भरत रा पाय।
आण मनाई सन्मान देयनेजो, देव आयो जिण दिस जाय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१०

कीधो है तेला रो पारणोजी, सुखे रहे महलों माय।
आठ दिनां रो मोछव कियोजी, प्रथम तेलो इम थाय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥११

इण ही ज रीत नैऋत कुंण मेंजी, तीर्थ साध्यो वरदाम।
वायव कूंग प्रभासनोजो, तीन तीर्थ तेला तीनुं ठाम।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१२

उत्तर नदी सिन्धु देवीनोजो, चोथो तेलो इम होय।
पांचमो देव वैताडनोजी, तिखुणो खण्ड साध्यो जोय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१३

छट्ठो तिमिस्र गुफानो करीजी, दण्डसु खोल्या है किवांड ।
ऊगुण पचास मांडला लेखनेजी, छंडिया राजासु जीत्या राड ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१४

सिन्धु पश्चिम खण्ड साधियोजी, देव साध्यो चूलहेमवन्त ।
सातमें तेले बाण मु कियोजी, बहत्तर जोजन परियन्त ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१५

ऋषभकूट नामो लिख्योजी, पाछा आया बैताड के पास ।
नमि विनमि रो तेलो आठमोजी, श्रीदेवी सूंपी तास ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१६

नवमो तेलो गंगादेवी रो कियोजी, कुण इसाण री बेल ।
गंगा पूर्व खण्ड साधियोजी, सेनापति ने दियो मेल ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१७

खण्ड प्रभा का खोल्या बारणाजी, दशमा तेला के माय ।
उगम निगम जल उतरीजी, दक्षिण भरत तिहां आय ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१८

गंगातट तेलो इग्यारमोजी, साध्या नव ही निधान ।
गंगा म्लेच्छ खण्ड साधियोजी, सुसेण सेनापति जान ।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥१९

पाछा आया तेलो बारमोजी, कीधो बनिता रे बार ।
नवनिधान रहे बारणेजी, वलि सेना चार प्रकार ॥
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२०

दूजो कटक भारत साथ में जी, आया वनिता रे माय।
वर्षा रुपा सोना रतना तणी जी, देववर्षाता जाय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२१

चोसट सहस्त्र अन्तेपुरी जी, दो दो वारंगणा लार।
प्रधान पुरोहित री डीकरी जी, सब एक लाख ने बाणु हजार।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२२

साठ हजार वरसो लगे जी, साधं लिया खटखण्ड।
तेरमो तेलो कियो राज नो जी, आण वर्ताई अखण्ड।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२३

जम्बूद्वीप पन्नंति सूत्र सु जो, संक्षेप कियो अधिकार।
संवत उगणीसे चोपने जी, माह सुद वीज बुधवार।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२४

पूज्य जी पुनम प्रशाद सु जो, भरत पच्चीसी गाय।
रिख नेमि चन्द इम भणे जो, शहर बम्बोरा रे माय।
भरतेश्वर तेरे तेला करे एम ॥२५

"कलश"

सात सित्तर लाख पूर्व, भरत कुंवर पद रया।
एक सहस्त्र वर्ष माण्डलिक राजा, पीछे चक्र वर्ती थया ॥१

सहस्त्र वर्ष उणा खट् लाख पूर्व, राज खटखण्ड में कियो।
अन्तर्मुहूर्त्त छद्मस्थ रही ने, आरिसे भवन केवल लियो ॥२

दश सहस्त्र नृप प्रति बोध देई ने, विचरत अष्टापद आविया।
एक लाख पूर्व दीक्षा पाली, मास संथारे शिव पाविया ॥३

सर्व चौरासी लाख पूर्व, भरत आयुष्य पालियो।
उगी उगी ने उगिया वे, जिन मार्ग ने उजजवालियो ॥४

सुण वच्छ गोयम वीर जम्पे, भरत इम कहिवाय जी।
आगम जम्बूद्वीप पूछा, ढाल में कही किम जाय जी ॥५

संतानिया पूज्य अमर सिंघ ना, गुरु मेरा पुनम चन्द जी।
सुगुरु नामें सुख पामें, वर्ते परमानन्द जो ॥६

सूत्रानुसारे यह गुण गाया, ओछो अधिकों जो कयो।
केवली साखे नेम भाखे, मिच्छामि दुक्कडं मैं दियो ॥७

---

१. जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति के आधार से।

औपदेशिकपद

राग मोहनगारोरे

सुण कनरसियारे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसियारे ।
सुण कनरसिया रे २ थारे सूत्र वचन दिल में ना जचिया रे ।।टेर
देखण ख्याल तमाशा अश्की, जावे कमरां कसिया रे ।
अवकी आया मांहि करे मातरो, आगा घसिया रे ।
सुण करनसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ।।१
नाचे तायफा गावे ढोलणिया, तानां कर कर हसिया रे ।
वो ढवे कहे और ही गावो मेरा, प्राण त्रसिया रे ।
सुण कनरसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ।।२
होली गावे लाल केशिया, जाम उघाडा भुसिया रे ।
गीत गाल्यां व्याव री सुणा जाणे, स्वादज चसिया रे ।
सुण कनरसिया रे २ जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ।।३
केई उंघाणां सूत्र सुणो जाणे, सियाले घृत ठसिया रे ।
केई जागे कहे स्वाद न आयो, आय ने फसियारे ।
सुण कनरसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ।।४
गावे रागिणी तो आछा भणिया, आज आई वड़ी खुशिया रे ।
वोल सीखण रो कहे तो जाणे, मन्दिर ढसिया रे ।
सुण कनरसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ।।५

पूज्य अमरसिंघजी प्रतापी, हुवा ज्ञान रा रसिया रे।
पूज्य पुनम उपगार किया म्हारे, हिवड़े वसिया रे।
सुण कनरसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ॥६

उगणी से सतसठ चौमासे, आय भीलाडे हुलसिया रे।
रिख नेमिचन्द देत शिखापण, दांत ज घसिया रे।
सुण कनरसिया रे २, जिनराज वचन हिरदे नहीं वसिया रे ॥७

औपदेशिक स्तवन

राग : कुण जाणे पराया मन को

कुण जाणे काल का दिन की।
या दिन की तन की धन की रे ।।टेर।।

एक दिन में देव निपजाई।
या द्वारापुरी कंचन की रे ।।कुण०।।१

हरि देखत माया विलाणो।
हवा देखी कसूंबी वन की रे ।।कुण०।।२

स्वर्ण लंक देख गर्वाणो।
कहाँ गई ऋद्धि रावण की रे ।।कुण०।।३

गरबे मति देख काया काची।
या जैसे शीशी दरपन की रे ।।कुण०।।४

एक पल में काया पलटाणी।
या चक्रवर्ती सणन्त की रे ।।कुण०।।५

इम अनेक हुवा जग माहिं।
हूँ कहूँ वात किण किण की रे ।।कुण०।।६

ज्यारे गढ में नोपत घुरती।
ज्यारे नहीं रही आशपुरी अन्न की रे ।।कुण०।।७

ज्यारे घर में कुटुम्ब नहीं माता ।

ज्यारे रे वे मुषा और मन की रे ॥कुण०॥८

कई वर्षों का बांधे मनसोबा ॥

पिण खबर नहीं एक छिन की रे ॥कुण०॥९

सुकृत कर लाहो लीजे ।

खप कीजे मुक्ति मिलण की रे ॥कुण०॥१०

करे रिख नेमिचन्द महिमा ।

यह पूज्य पुनम दर्शण की रे ॥कुण०॥११

थावरच्चा कुंवर

राग : तावड़ा धोमो सो तपजे

सासुजी थाको बजर हियो पाको हो ।
सासुजी थाको बजर हिया पाको ।
कुंवरां तो संजम दीनो म्हांने किम राखो ।।टेर।।

थावरच्चा कुंवर मन चिन्तवे जी कांई,
कामण परण्या बत्तीस ।
कमी नहीं किणी बात री सरे,
पूरी मन जगीस ।।सासु०।।१

रतन जडत घर आंगणाजी कांई,
और कहीं नहीं चाह ।
इण सुखों रो पार नहीं पायो,
हिवड़े हर्ष उमाह ।।सासु०।।२

छिन दिन सुख माहे रेवता जी कांई,
एक दिवस रे माय ।
ज्येष्ठ वैशाखा रा तावड़ा जी कांई,
कुंवर देख्या मुनि राय ।।सासु०।।३

मुनि देखी भव स्मरण हुवो जी कांई,
मन वसियो वैराग ।

नव से भव तो देखियाँ सरे,
आयो मुनि पर राग । सासु०॥४

जीव अनंति वार में जी कांई,
गोता खाया भरपूर ।
पूछे माताजी ने संजम लेसुं,
दुःख करसुं सब दूर ॥सासु०॥५

मुनिवर चरण भेटिया जी कांई,
शीश दियो है नमाय ।
हाथ जोड़ ने करे विनति,
लुल लुल लागे पाय ॥सासु०॥६

अब चतुर्थ पुत्र वधू की वारी थी, उसने निवेदन किया— "तात ! दाने तैयार हैं, और उसके लाने के लिए अनेक गाडियाँ चाहिए।"

रोहणी की बात पर सभी को आश्चर्य हुआ। सार्थवाह के चेहरे पर प्रसन्नता की रेखा चमक उठी, उसने जिज्ञासा व्यक्त की—पाँच दाने के लिए गाड़ियों की क्या आवश्यकता है ?

उसने सारी खेती करवाने की बात बता दी।

सभी के मुंह पर रोहिणी की प्रशंसा थी। सार्थवाह ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कहा—रोहिणी को मैं गृहस्वामिनी के पद पर नियुक्त करता हूँ, यह वंश की कीर्ति को बढ़ायेगी।

द्वितीय रक्षिका को मैं चल-अचल संपत्ति के संरक्षण का कार्य सौंपता हूँ।

तृतीय भोगवती को खाद्य विभाग दिया जाता है और चतुर्थ बहू उज्भिका को गृह की सफाई का कार्य, क्योंकि यह बाहर फेंकने के कार्य में दक्ष है।

जिसमें जैसी योग्यता होती है वह वैसा कार्य करता है। रूपक का मूलार्थ स्पष्ट करते हुए भगवान महावीर ने कहा—पंच महाव्रत की तरह ये पाँच शालि के दाने हैं. साधक को रोहिणी की तरह इन दानों को वढ़ाना है।

—ज्ञातासूत्र अ० ७

१० नेमिनाथ का पराक्रम

*

भगवान् नेमिनाथ के जीवन का एक मधुर प्रसंग है। एक बार वे घूमते-घामते वासुदेव श्री कृष्ण की आयुधशाला में पहुँच

गये। वहाँ पर नाना प्रकार के शस्त्रास्त्रों का निरीक्षण करने लगे। करते-करते पंचानन शंख दिखलाई दिया। कौतूहल वश उसे लेकर ज्यों ही उन्होने बजाया तो श्रीकृष्ण के कानों में शब्द गिरा, शब्द सुनते ही कृष्ण विचारने लगे, यह शंख की आवाज कहाँ से आ रही है? मेरे अतिरिक्त शंख को बजाने की शक्ति किसी में नहीं है। अरे! मेरा प्रतिस्पर्धी कौन जन्मा है? ऐसा कौन शत्रु है जो शंखनाद कर रहा है?

अनुचरों ने बताया– आपका शत्रु नहीं, पर आपका ही भाई नेमिनाथ है।

श्रीकृष्ण चिन्तातुर हुए कि जब लघुवय में ही यह इतना अधिक शक्ति सम्पन्न है तो युवावस्था में कितना अधिक वलिष्ट होगा? परीक्षण की दृष्टि से श्री कृष्ण ने अपना हाथ लम्बा किया, नेमिनाथ ने अनायास ही उसे नीचे झुका दिया। जब नेमिनाथ ने हाथ ऊँचा किया तो श्री कृष्ण झूम गये पर हाथ को तनिक मात्र भी नीचा न कर सके, अपितु वे स्वयं ही हाथ पर लटक कर झूलने लगे।

नेमिनाथ के अतुलबल को देखकर श्री कृष्ण चकित थे। 'नेमिनाथ कहीं मेरा राज्य न हडप लेंवे एतदर्थ उनके बल को कम करना चाहिए।' बल को कम करने की भावना से अनेक मोह के प्रसंग उपस्थित किये गये। विविध प्रकार के व्यंग्य बाणों की वृष्टि की, पर नेमिनाथ पर कुछ भी असर नहीं हुआ। अन्त में गोपिकाओं ने मजाक-मजाक में विवाह की तैयारी की।

नेमिनाथ मौन रहे 'मौनं सम्मति लक्षणम्' समझ कर उन्होंने स्वीकृति समझ ली और उत्साह के साथ विवाह की तैयारी प्रारम्भ कर दी।

११ चोर को सद्बुद्धि

*

एक बार कविवर नेमिचन्द्र जी महाराज अपने शिष्यों के साथ मेवाड के पर्वतीय प्रदेश में परिभ्रमण कर रहे थे। उनके एक शिष्य दौलत मुनि थे, जिन्होंने बड़ी उम्र में दीक्षा ग्रहण की थी, बडे भद्र प्रकृति के सन्त थे। उनके पास एक खद्दर की मोटी चद्दर थी और और दूसरी कम्बल थी।

रात्रि प्रवचन को समाप्त कर जब कविवर नेमिचन्द्र जी महाराज ध्यानादि से निवृत्त होकर सोने की तैयारी करने लगे तब दौलत मुनि ने कहा—गुरुदेव सायंकाल तो प्रतिलेखना करते समय कंबल थी अब न जाने वह कहाँ चली गई? गुरुदेव ने कहा —मैंने तुम्हारे को प्रथम कहा था कि तुम्हारे पास दो साधन हैं, अतः एक किसी अन्य सन्त को दे दो, पर तुम्हारी ममता नहीं उतरी।

गुरु शिष्य की बात को सुनकर श्रावकों को भी ज्ञात हुआ, पर कम्बल न मिली।

जो कम्बल ले गया था उसके भाव भी रात्रि में वदल गये और उसने सूर्योदय के पूर्व ही छप्पर पर कम्बल डाल दी

सूर्योदय होने पर इधर उधर जब देखने लगे तब गुरुदेव ने कहा —पहले छप्पर तो देख लो ! छप्पर देखा तो कम्बल वहीं पडी थी। प्रस्तुत प्रसंग को कवि ने भजन के रूप में प्रस्तुत किया है।

१२ गणधर गौतम

*

गणधर गौतम भगवान् महावीर के प्रमुख शिष्य थे। इनके पिता का नाम वसुभूति और माता का नाम पृथिवी था। मगध देश में अवस्थित गोबर गांव के निवासी थे। इनका मूल नाम यद्यपि इन्द्रभूति था पर ये गोत्राभिधान गौतम के नाम से ही अधिक विश्रुत थे।

ये अपने युग के जाने-माने हुए वेदों के प्रकाण्ड पण्डित थे। एक बार ये मध्यम पावा के निवासी सोमिलार्य के वहाँ अपने पाँच सौ मेधावी छात्रों के साथ यज्ञ महोत्सव में गये हुए थे। उधर से भगवान महावीर ऋजुवालिका नदी के तट से विहार कर वहाँ पधारे।

सर्वज्ञ सर्वदर्शी भगवान् महावीर के दर्शन हेतु जनता को उमडती हुई देखकर इन्द्रभूति अपने पाँच सौ छात्रों के साथ वादी बनकर महावीर को पराजित करने के लिए समवशरण में पहुँचे, भगवान् ने उनके मानसिक संशय का निवारण किया, वेदों के गंभीर रहस्य को समझाया। समझते ही अपने शिष्यों के साथ प्रव्रज्या ग्रहण की और प्रथम गणधर बने।

गणधर गौतम का जीवन एक प्रेरणादायी जीवन है। उनके जीवन के कण-कण से सद्गुण प्रस्फुटित हो रहे हैं। विनय, विवेक और जिज्ञासा की त्रिवेणी उनके जीवन में प्रवाहित है। उनके जीवन के वे मधुर संस्मरण आज भी जन-जन के मन में प्रेरणा संचारित करते हैं।

भगवान् महावीर के प्रति उनके मन में अनन्य भक्ति थी। जनता के प्रतिनिधि बनकर वे समय समय पर भगवान् से जिज्ञासा प्रस्तुत करते और भगवान् उनका समाधान प्रदान करते।

पचास वर्ष की उम्र में दीक्षा ग्रहण की, तीस वर्ष तक छद्मस्थपर्याय में रहे। जिस रात्रि को भगवान् महावीर निर्वाण प्राप्त हुए, उसी रात्रि के अन्त में गौतम को केवलज्ञान की उपलब्धि हुई। बारह वर्ष तक केवली अवस्था में रहकर ६२ वर्ष की अवस्था में अपना गण गणधर सुधर्मा को देकर राजगृह के गुणशील चैत्य में मासिक अनशन पूर्वक परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

—आवश्यक निर्युक्ति

— त्रिषष्टिशलाका पुरुषचरित्र

१३ भगवान् शान्तिनाथ

*

भगवान् शान्तिनाथ सोलहवें तीर्थंकर हैं। उनके पूर्वभव की एक घटना इतनी अधिक लोकप्रिय रही है कि भारतीय संस्कृति

की तीनों धाराओं ने उसे भिन्न-भिन्न नामों से अपने ग्रन्थों में स्थान दिया है। वह घटना इस प्रकार है—

एक बार भगवान शान्तिनाथ का जीव राजा मेघरथ बना। वह एक समय अपने राज दरबार में बैठा हुआ था कि एक काँपता हुआ कबूतर आया, राजा की गोद में बैठ गया। कबूतर के पीछे बाज आया, उसने राजा से कहा—यह मेरा भोजन है, मुझे दीजिए!

राजा ने कहा—यह मेरी शरण में आ चुका है, इसकी रक्षा करना मेरा प्रथम कर्तव्य है।

बाज ने कहा—राजन्? मैं भूख से छटपटा रहा हूँ। मैं मांसाहारी हूँ, मांस के अतिरिक्त कुछ भी नहीं खाता।

शरणागत की रक्षा के लिए राजा ने अपना मांस देना प्रारंभ किया। अन्त में बाज अपने असली रूप में प्रकट होकर परीक्षा में उत्तीर्ण होने से राजा को आशीर्वचन देता हुआ चल दिया?[1]

प्रस्तुत घटना शिवि राजा के उपाख्यान के रूप में वैदिक ग्रन्थ महाभारत में प्राप्त होती है और बौद्ध वाङ्मय में जीमूतवाहन के रूप में चित्रित की गई है। यह घटना हमें बताती है कि जैन परम्परा केवल निवृत्ति रूप अहिंसा में ही नहीं, पर मरते हुए की रक्षा के रूप में—प्रवृत्ति रूप में भी धर्म मानती है।

(क) वसुदेव हिंडी—२१—लम्भक, (ख) त्रिषष्टि श० ५।४

भगवान् शान्तिनाथ की माता का नाम अचलादेवी और पिता का नाम विश्वसेन था। जब वे माता के गर्भ में आये तब सारे देशवासी मृगी की भयंकर व्याधि से संत्रस्त थे, भगवान् की प्रबल पुण्यवानी के प्रभाव से रोग-शोक नष्ट हो गये, एतदर्थ ही "सन्ती-सन्ती करे लोए" के रूप में उनका गुणानुवाद किया गया है।

युवावस्था प्राप्त होने पर षट्खण्ड के अधिपति बने, और अन्त में भोगों का परित्याग कर संयम ग्रहण कर तीर्थंकर बने।

भगवान् शान्तिनाथ का स्मरण आज भी जीवन में शान्ति प्रदान करने वाला माना जाता है।

१४ भगवान् सीमन्धर

*

भगवान् सीमन्धर स्वामी का विशेष परिचय प्राचीन ग्रन्थों में उपलब्ध नहीं है।

जिस समय भरत क्षेत्र में सतरहवें तीर्थंकर कुन्थुनाथ का शासन समाप्त हो चुका था और अठारहवें तीर्थंकर अर का शासन प्रारम्भ होने वाला था, उस समय भगवान् सीमन्धर पूर्व महाविदेह के पुष्कलावती विजय की पुण्डरीकिनी नगरी में जन्म ग्रहण करते हैं। उनकी माता का नाम सत्यकी और पिता

का नाम श्रेयांस था। युवावस्था प्राप्त होने पर रुक्मिणी देवी के साथ उनका पाणिग्रहण होता है।

तीर्थंकर मुनिसुव्रत के शासन की अवधि पूर्ण होने पर और तीर्थंकर नमि के शासन के पूर्व वे दीक्षा ग्रहण करते हैं, और घातिकर्मों को नष्टकर केवलज्ञान प्राप्त करते हैं।

आगामी चौबीसी के आठवें उदय पेढाल तीर्थंकर के समय वे चौरासी लक्ष पूर्व का आयु समाप्त कर परिनिर्वाण को प्राप्त होंगे।

—जैन तत्त्व प्रकाश—आचार्य अमोलक ऋषिजी

१५ भगवान् ऋषभदेव

*

भगवान् ऋषभदेव का व्यक्तित्व और कृतित्व इन्द्रधनुष की तरह मनमोहक है।

वे जैनागमों की दृष्टि से प्रथम तीर्थंकर हैं, और वैदिक दृष्टि से विष्णु के अवतार हैं। उनके पिता का नाम न[illegible]
माता का नाम मरुदेवी था। वे उस युग में आये थे [illegible]
मानव अकर्म भूमि से कर्मभूमि की ओर [illegible]
उन्होंने उस मानवसमाज का नेतृत्व कि[illegible]

समस्त समस्याओं का समाधान किया जो उस समय सामनें आ रही थी। असि, मषि, कृषि आदि कलाएँ सिखलाईं।

भगवान् ने अपने बड़े पुत्र भरत को वहत्तर कलाएँ, और उनसे छोटे पुत्र बाहुबली को प्राणी लक्षणों का ज्ञान कराया तथा ब्राह्मी और सुन्दरी को अठारह लिपि और गणित का क्रमशः परिज्ञान कराया।

अन्त में भरत को राज्य देकर स्वयं श्रमण बने, तीर्थंकर बनें। भरत के नाम से देश का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ।

भगवान् को श्रेयांस के द्वारा दिया गया इक्षुरस का दान, माता मरुदेवी की मुक्ति, भरत बाहुबली का युद्ध, ब्राह्मी सुन्दरी के द्वारा बाहुबली को प्रतिबोध, तथा सम्राट भरत का वैराग्य आदि घटनाएँ जैन साहित्य की बहुत प्रसिद्ध और लोकप्रिय घटनाएँ रही हैं।

भगवान का शरीर केशरिया रंग का होने से सन्त कवि ने प्रस्तुत नाम से पुकारा है, और उपालम्भ के रूप में अपने हृदय की भक्ति प्रदर्शित की है।

१६ भगवान् नेमिनाथ और राजीमती

*

भगवान् नेमिनाथ का जीवन अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। छान्दोग्योपनिषद् में घोरआंगिरस के रूप में कृष्ण के गुरु

का नाम बताया गया है जो अहिंसा प्रेमी और पशुपालन के समर्थक थे। धर्मानन्द कोसाम्बी आदि विज्ञों का यह मंतव्य है कि भगवान् नेमिनाथ का ही अपर नाम घोरआंगिरस था।

वसुदेव और समुद्रविजय दोनों सहोदर थे। वसुदेव के पुत्र कृष्ण और समुद्रविजय के पुत्र नेमिनाथ थे। श्री कृष्ण ने नेमिनाथ के प्रबल पराक्रम से प्रभावित हो, महाराजा उग्रसेन की पुत्री तथा कंस की बहिन राजोमती के साथ पाणिग्रहण का निश्चय किया। बड़े ही उत्साह के साथ विवाह की तैयारियाँ हुईं, बरात ले नेमिनाथ पहुँचे, पर बरातियों के भोजन के लिए पशु एकत्रित किए हुए थे, उनके करुण-क्रन्दन को श्रवण कर नेमिनाथ का दयालु हृदय द्रवित हो गया, वे बिना विवाह किये ही पुनः लौट गये।

जब राजीमती ने यह सुना तो उसे अत्यधिक दुःख हुआ। माता, पिता और सहेलियों के द्वारा यह समझाने पर कि तू इतनी अधिक चिन्तित क्यों होती है, वे चले गये तो क्या हुआ, उनसे भी अधिक सुन्दर वर तेरे को मिलेंगे, वे तो काले थे आदि। पर राजीमती को उनकी वे बातें तनिक मात्र भी अच्छी नहीं लगीं। उसने स्पष्ट कहा—विवाह का बाह्य आचार भले ही न हुआ हो, किन्तु वे मेरे हृदय मन्दिर में विराज चुके हैं। मैं जीवन-पर्यन्त उन्हीं की उपासिका बनकर रहूंगी। तन से भले ही दूर रहूँ, पर मन रूपी भंवरा तो उनके चरण कमलों पर ही मंडराता रहेगा। बारह मास तक भगवान नेमिनाथ वर्षीदान देते रहे, तब

तक राजुल उनकी प्रतीक्षा करती रही। नाना प्रकार के संकल्प-विकल्प उद्बुद्ध होते रहे, जिन्हें कवियों ने बारह मासा के रूप में चित्रित किया है।

भगवान् नेमिनाथ के द्वारा प्रव्रज्या ग्रहण करने पर राजीमती ने भी प्रव्रज्या ग्रहण की।

एक बार राजीमती अपनी साथिनी साध्वियों के साथ गिरनार जा रही थी, तेज वर्षा से वह तरबतर हो गई, बचने का अन्य उपाय न देखकर वह सन्निकटवर्ती एक गुफा में चली गई, वस्त्र उतार कर ज्यों ही सुखाने लगी त्यों ही गुफा में ध्यानस्थ नेमिनाथ के लघुभ्राता रथनेमि की दृष्टि राजीमती के नग्न शरीर पर गिरी, वह साधना से विचलित हो गया। भोगों की अभ्यर्थना करने पर राजीमती ने उसे अच्छी तरह फटकारकर समझाया। राजीमती ने स्वयं के चरित्र की रक्षा ही नहीं की, किन्तु रथनेमि को पतित होते हुए भी बचा लिया, पुनः साधना में स्थिर किया। उत्तराध्ययन के बावीसवें अध्ययन में प्रस्तुत प्रसंग का बड़े ही मार्मिक ढंग से वर्णन किया है।

जो स्थान श्री कृष्ण के चरित्र में राधा का है वही स्थान भगवान् नेमिनाथ के चरित्र में राजीमती का है। अन्तर यही है कि कृष्ण का जीवन भोग प्रधान प्रवृत्ति मार्ग की ओर है तो नेमिनाथ का त्याग प्रधान निवृत्ति मार्ग की ओर।

१७ मुनिसुव्रत स्वामी

*

मुनिसुव्रत स्वामी का जन्म राजगृह नगर में हुआ। इनके पिता का नाम सुमित्र और माता का नाम पद्मावती था। जब भगवान् माता के उदर में थे तब माता ने अनेक श्रेष्ठ व्रतों का आचरण किया था। जिससे गुणनिष्पन्न नाम मुनिसुव्रत रखा था।

युवावस्था आने पर राज्य ऋद्धि को छोड़कर संयम लिया, ग्यारह महीने तक छद्मस्थावस्था में रहे, केवल ज्ञान प्राप्त कर, तीर्थ प्रवर्तन कर अन्त में एक हजार श्रमणों के साथ समेतशिखर पर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

—त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र

१८ भगवान् पार्श्वनाथ

*

भगवान् पार्श्वनाथ ऐतिहासिक पुरुष हैं। ईस्वी पूर्व ८५० में उनका जन्म वाराणसी के राजा अश्वसेन के यहाँ हुआ. उनकी माता का नाम वामा देवी था।

भगवान् पार्श्वनाथ के पूर्व अज्ञान तप का बाहुल्य था
साधना के नाम पर नाना प्रकार के कष्ट-सहन किये जा
थे, जैसे तीक्ष्ण कांटों के समान लोहे की नुकीली कीलों
लेटना, चारों ओर आग लगाकर बीच में बैठना, एक ही
पर खड़े होकर आतापना लेना आदि। इन विविध प्रकार
काय क्लेशों को देखकर श्रद्धालु जन नत मस्तक हो जाते थे

एक बार राजकुमार पार्श्वनाथ नगर के बाहर घूमने
लिए गये, कमठ नामक तापस पंचाग्नि तप तप रहा थ
भगवान् ने देखा – एक सर्प लकड़े में जल रहा है—यहाँ
स्मरण रखना चाहिए कि श्वेताम्बर आचार्य-कृत ग्रन्थों
केवल नाग का ही उल्लेख है, पर दिगम्बरीय ग्रंथों में ना
नागिन युगल का उल्लेख है। भगवान ने तापस को समझा
और उनके सम्बन्ध में कहा, पर वह न माना, अन्त में जब ल
को अलग कर देखा गया तो वह स्तंभित हो गया। भगवान्
जब अज्ञान तप के सम्बन्ध में उससे कहा तो वह क्रुद्ध हो ग
और बोला– धर्म के सम्बन्ध में तुम्हारे को कुछ भी कहने
अधिकार नहीं है तुम राजपुत्र हो, अतः राज्य व्यवस्था क
ही तुम्हारा काम है।

प्रस्तुत संवाद से स्पष्ट परिज्ञान होता है कि उस युग
अज्ञान तप का आधिक्य था। भगवान् पार्श्वनाथ ने उस
परिष्कार किया।

भगवान् तीस वर्ष तक गृहस्थाश्रम में रहे। संयम ग्रहण करने के पश्चात् कमठ तापस जो आयु पूर्ण कर देव बना था उसके मन में भगवान् को ध्यानस्थ देखकर वैर उद्बुद्ध हुआ, भयंकर जल वर्षा की, भगवान् के नासाग्र तक पानी आ गया तथापि भगवान् ध्यान से विचलित नहीं हुए, अन्त में जिस नाग-नागिन को नमस्कार महामंत्र सुनाया था जिसके प्रभाव से वे धरणेन्द्र पद्मावती बने थे, वे सेवा में आते हैं, तथा उपसर्ग का परिहार करते हैं।

१९ सम्राट् भरत

*

सम्राट् भरत को कौन नहीं जानता ? वे भगवान् ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र थे, बड़े ही प्रतिभाशाली ! उनके नाम से ही प्रस्तुत देश का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ है।

जिस दिन भगवान् ऋषभदेव को केवलज्ञान उपलब्ध हुआ उसी दिन भरत की आयुधशाला में चक्ररत्न उत्पन्न हुआ। चक्ररत्न की एक सहस्र देव सेवा करते हैं।

सम्राट् भरत षट्खण्ड पर विजय वैजयन्ती फहराने के लिए अयोध्या से प्रस्थित होते हैं। चक्ररत्न पथ-प्रदर्शन का कार्य करता है।

नवीन सीमा में प्रवेश करने के पूर्व वे तीन दिन की तपस्या करते हैं, और तप के प्रभाव से वे निर्विघ्न सफलता प्राप्त करते हैं। षट्खण्ड की साधना करते समय उन्होंने १३ तेले किये।

सर्व प्रथम जम्बूद्वीप के पूर्व में स्थित मगध, दक्षिण में स्थित वरदाम, पश्चिम में स्थित प्रभास, एवं सिन्धु देवी, वैताढ्य और तिमिस्र गुफा पर विजय प्राप्त की। उसके पश्चात् चर्म-रत्न के द्वारा महान् सिन्धु नदी को पार कर सिंहल, बर्बर, अंग, चिलात (किरात), यवनद्वीप, आरबक, रोमक और अलसंड नामक देशों में प्रवेश किया। यहाँ पर पिक्खुर, कालमुख, एवं जोणक नामक म्लेच्छों पर और वैताढ्य पर्वत के दक्षिण में रहने वाले म्लेच्छों पर विजय की। दक्षिण-पश्चिम से सिन्धु सागर तक के प्रदेश और अन्त में अत्यन्त सुन्दर कच्छ देश को जीता। उसके पश्चात् तिमिस्रगुफा में प्रवेश किया और अपने सेनानायक को उसके दक्षिणी द्वार को उद्घाटन की आज्ञा दी, और उसके बाद उन्मग्नजला निमग्नजला नामक सरिताओं को पार किया और आवाड़ नामक किरातों को पराजित किया, ये किरात उत्तरार्ध भरत के निवासी थे और धन संपन्न, घमंडी, शक्ति सम्पन्न एवं नर राक्षस के समान थे। उसके बाद भरत ने क्षुद्र हिमवंत पर्वत को जीतकर, ऋषभकूट पर्वत पर नाम लिखकर वैताढ्य पर्वत के उत्तर की ओर चले, जहाँ विद्याधर नमि विनमि ने सुभद्रा नामक स्त्री रत्न भेंट किया। उसके पश्चात् गंगा पर विजय प्राप्त कर और गंगा नदी के पश्चिमी

तट पर अवस्थित खण्डप्रपात गुफा को सेनापति से खुलवाई। सम्राट् भरत को यहाँ पर नवनिधियाँ उपलब्ध हुईं।

इस प्रकार चौदह रत्नों से विभूषित हो भरत ६० हजार वर्षों के पश्चात् वनिता लौटे। और खूब उत्साह के साथ राज्याभिषेक हुआ।

एक बार सम्राट् भरत आरिशा के भव्य भवन में पहुँचे, अंगुली से अँगूठी गिर जाने से वह असुन्दर प्रतीत हुई, अन्य आभूषण उतारे। बाह्य सौन्दर्य से आन्तरिक सौन्दर्य में पहुँचते ही केवलज्ञान की प्राप्ति हुई।

—जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति ३।४१।७१

२० मृगापुत्र

*

मृगापुत्र सुग्रीव नगर के निवासी थे। उनके पिता का नाम बलभद्र और माता का नाम मृगा था। माता के नाम से ही उनका नामकरण किया गया।

युवावस्था प्राप्त होने पर एक बार वे राजप्रासाद के उन्नत गवाक्ष में बैठे हुए नगरावलोकन कर रहे थे कि एक मुनि को नीचे जाते हुए देखा, जातिस्मरण ज्ञान हुआ, पूर्वभव में जो श्रमण पर्याय पालन की थी उसका परिज्ञान हुआ।

जाति स्मरण ज्ञान से मृगापुत्र को संसार के पदार्थों का असली स्वरूप समझने के कारण विरक्ति हो गई। माता-पिता के द्वारा नाना प्रकार के भोगों के प्रलोभन देने पर भी मृगापुत्र का मानस तनिक भी विचलित नहीं हुआ, अपितु अपने अकाट्य तर्कों से भोगों का खण्डन किया और संयम-साधना का मण्डन किया। उनका प्रस्तुत सम्वाद प्रत्येक साधक के लिए पठनीय और मननीय है।

अन्त में मृगापुत्र ने उत्कृष्ट संयम की साधना कर केवल ज्ञान को प्राप्त कर मुक्ति का वरण किया।

— उत्तराध्ययन अ० १९ के आधार से

२९ अर्जुनमाली

❀

अर्जुनमाली राजगृह नगर का निवासी था, उसकी पत्नी का नाम बन्धुमती था, वह सुन्दर और सुशील थी। उसका अपना निजी बगीचा था, उसमें मुद्गरपाणि यक्ष का यक्षायतन था। अपनी कुल परम्परा के अनुसार वह प्रतिदिन यक्ष की अर्चना करता था।

राजगृह में एक ललित नामक गोष्ठी थी, उसके छहों सदस्य जो बहुत ही उच्छृंखल थे, वे एक दिन बगीचे में पहुँच गये। उस समय बन्धुमती फूल चुन रही थी और अर्जुनमाली यक्ष

भगवान् ने उसे दीक्षा दी। बेले-बेले की तपस्या कर, जनता द्वारा दी गई अनेक ताड़ना, तर्जना एवं त्रास को समभावपूर्वक सहन कर मुक्त हुआ।

—अन्तकृत्दशांग अ-६-सूत्र ९९-१२१

२२ मेघकुमार

*

मेघकुमार सम्राट श्रेणिक का पुत्र था। उसकी बहुत ही कोमल प्रकृति थी। एक बार भगवान् महावीर के उपदेश को श्रवण कर उसने दीक्षा ग्रहण की। लघुमुनि होने के नाते उसकी शैया सबके अंत में लगाई गई। रात्रि भर मुनियों के आवागमन से उसे नींद नहीं आई। चिन्तन बदला—"इतने समय तक ये मुनि मेरा सत्कार करते थे, पर दीक्षित होते ही ये मेरे को पैरों से कुचल रहे हैं। प्रातः प्रभु की आज्ञा लेकर घर चला जाऊँगा।"

प्रातः होते ही वह भगवान् के पास पहुँचा। घट-घट के भाव जानने वाले भगवान् ने कहा- क्या मेघ! तू इतने से ही कष्ट से घबरा गया! जरा स्मरण कर, इस भव के पूर्व तृतीय भव में जब तू हाथी था, तब वन में भयंकर आग लगी थी, तेरा स्वनिर्मित मण्डप वनचरों से भर चुका था, तुम भी एक ओर खड़े हो गये थे। शरीर को खुजलाने के लिए ज्योंही तुमने पैर ऊँचा किया कि एक शशक तुम्हारे पैर के नीचे आकर बैठ गया। कहीं वह मर न जाये इसलिए तुम तीन पैरों पर ही खड़े रहे। लम्बे

समय तक तीन पैरों पर खड़े रहने के कारण तुम भूमि पर गिर पड़े। याद है यह घटना? एक शशक पर दया करने के कारण तुम वहाँ से मरकर राजपुत्र हुए। अब जरा-से कष्ट से तुम घबरा रहे हो।"

भगवान् की वाणी से मेघ अपनी साधना में स्थिर हो गये।

—ज्ञाताधर्म-कथा १।१

—त्रिषष्टि शलाकापुरुष-चरित्र १०।६।३६२-४०६।

२३ पाण्डव

*

युधिष्ठिर (धर्मराज) भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, ये पाँचों भाई बड़े ही पराक्रमी थे। इनके पिता का नाम पांडुराजा था और माता का नाम कुन्ता था और पत्नी का नाम द्रौपदी था। ये हस्तिनापुर के अधिपति थे। परन्तु श्रीकृष्ण के एक बार अप्रसन्न हो जाने पर इन्होंने दक्षिण दिशा के समुद्र के किनारे पांडुमथुरा बसाई और वहाँ रहने लगे।

एक बार धर्मघोष अनगार वहां पर पधारे, उनके उपदेश को सुनकर वैराग्य हुआ, अपने ज्येष्ठ पुत्र पाण्डुसेन को राज्य देकर द्रौपदी सहित पाँचों ने दीक्षा ग्रहण की। उत्कृष्ट तप की आराधना करने लगे। गुरु की आज्ञा लेकर पाँचों पाण्डव भग-

वान नेमिनाथ के दर्शन के लिए प्रस्थित हुए। विहार करते हुए वे हस्तिकल्प नगर में आये। मासखमण के पारणे के लिए ज्योंही वे नगर में गये त्योंही सुना "कि भगवान नेमिनाथ एक महीने के संथारे से, गिरनार पर्वत पर पाँच सौ छत्तीस श्रमणों सहित मोक्ष पधारे हैं।" ये समाचार सुनते ही पाँचों अनगार विना पारणा किये ही शत्रुञ्जय पर्वत पर गये, दो मास के संथारे के पश्चात् केवलज्ञान केवलदर्शन प्राप्त कर मोक्ष गये।

—ज्ञातासूत्र, अ—१६

२४ अनाथी मुनि

*

अनाथी मुनि कौशम्बी के निवासी थे। इनके पिता का नाम धनसंचय था। एकबार इनके नेत्रों में असह्य वेदना हुई। विपुल दाह ज्वर से सारा शरीर जलने लगा। कटिभाग, हृदय और सिर में भी भयंकर दर्द उत्पन्न हो गया। वैद्यों ने चतुष्पाद चिकित्सा की, पर सफलता न मिली। माता का वात्सल्य, पिता का प्रेम, पत्नी का स्नेह, भाई और बन्धुओं का प्यार भी दर्द कम न कर सका।

चिन्तन बदला,—"यदि मैं इस दारुण वेदना से मुक्त हो जाऊँ तो प्रव्रज्या ग्रहण कर लूँगा।" इसी प्रकार चिन्तन करते-करते नींद आगई, पीड़ा मिट गई, अनुमति ले प्रव्रज्या ग्रहण की।

इन्होंने ही सम्राट् श्रेणिक को मण्डिकुक्ष उद्यान में प्रति-
ोध देकर जैनधर्मावलम्बी बनाया था।

—उत्तराध्ययन सूत्र अ०—२०

२५ अम्बड़ के शिष्य

*

अम्बड परिव्राजक भगवान् महावीर का परम भक्त था।
रिव्राजक की वेश-भूषा और आचार का पालन करने पर भी
ह श्रावकोचित व्रतों का भी पालन करता था। उसके ७००
शिष्य थे।

एक बार वे सात सौ शिष्य भीष्म-ग्रीष्म में कांपिल्यपुर
गर से पुरिमताल नगर की ओर प्रस्थित हुए। भयंकर निर्जन
टवी में पहुँचे, साथ में लाया हुआ पानी समाप्त हो गया।
नका यह नियम था "कि बिना दूसरे के दिये अदत्त वस्तु हम
ोई भी ग्रहण न करेंगे।" अटवी में चारों ओर जलदाता की
न्वेषणा की, पर कोई भी जलदाता नहीं मिला। इसलिए
न्होंने गंगा के किनारे संथारा संलेखना कर आयु पूर्ण की, पर
किसी ने भी अदत्त जल ग्रहण नहीं किया। प्रतिज्ञा पर पूर्ण
ढ़ रहे।

— औपपातिक सूत्र—अम्बड वर्णन

सगर चक्रवर्ती

*

सगर द्वितीय चक्रवर्ती हुए हैं। सम्राट् भरत की तरह इन्होंने भी षट्खण्ड की साधना की थी। इनके अनेक पुत्र थे। सबसे बड़े पुत्र का नाम जण्हुकुमार था। पिता की आज्ञा से वह अपने लघु भ्राताओं के साथ घूमने के लिए चला। अष्टापद पर्वत के चारों ओर अपने भाइयों के साथ खाई खोदने लगा। दण्डरत्न की सहायता से वह इतनी गहरी खाई खोद गया कि पृथ्वी के नीचे रहने वाले नागकुमार के भवनों को भी क्षति पहुँचने लगी। तो वे अपने राजा ज्वलनप्रभ के पास गये। ज्वलनप्रभ अत्यन्त क्रुद्ध हो सगर के पुत्रों के पास गया, किन्तु जण्हुकुमार के अनुनय विनय से वह शान्त होकर चला गया। जण्हुकुमार ने सोचा—जब खाई तैयार हो गई है, तब यह बिना पानी के कैसे अच्छी लगेगी? अतः दण्डरत्न के सहारे गंगा से उसमें नहर लाकर डाली। खाई जल से भरगई और वह जल नागोंके घरों में प्रवेश कर गया। ज्वलनप्रभ को इस समय अत्यधिक क्रोध आया। उसने सगर के पुत्रों के पास विषयुक्त बड़े-बड़े फणधारी सर्प भेजे, जिससे वे सभी वहीं पर जलकर भस्म हो गये।[1]

जब सगर चक्रवर्ती को पुत्रों के इस प्रकार निधन का वृत्त ज्ञात हुआ तब संसार की निस्सारता समझ दीक्षा ग्रहण कर आत्म-कल्याण किया।

—उत्तराध्ययन टीका अ. १९ पृ० २३३ : शान्तिसूरि
—वसुदेवहिंडी पृ० ३००।३०४

---

१ तुलना कीजिए महाभारत ३।१०५ से तथा रामायण १।५८ से

२७ उद्रायण राजा

*

श्रमण भगवान महावीर जिस समय अवनीतल को पावन कर रहे थे, उस समय सिन्धु नदी के सन्निकट सौवीर नामक देश का अधिपति उद्रायण राजा था। उसकी राजधानी वीतभय थी। वह भगवान महावीर का उपासक था। वैशाली के राजा चेटक की पुत्री प्रभावती उसकी पत्नी थी।

एक बार भगवान् वीतभय नगर में पधारे, राजा उद्रायण के मन में प्रभु के प्रवचन को श्रवण कर दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा हुई। राजा ने विचार किया – यदि पुत्र अभीचिकुमार को राज दूँगा तो वह राज-सत्ता के मोह में कहीं अपने जीवन को विकृत न बना दे, एतदर्थ अपने भाणेज केशीकुमार को राज्य दे, स्वयं प्रव्रजित हुए। पर, राजा ने यह बात पुत्र को नहीं कही और न पुत्र ने ही राजा से इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण किया।

उद्रायण मुनि उग्र तप कर कर्मों को नष्ट कर मुक्त हुए। पर अभीचिकुमार के मन में वह शल्य बना रहा, वह उद्रायण के अतिरिक्त सभी से क्षमत क्षमापना करता। किन्तु एक उद्रायण को छोड़ने से अनन्त उद्रायण नाम के सिद्ध टल जाते, इस वैर-भाव से वह वहाँ से आयु पूर्णकर प्रथम नरक के पाथड़े में जहाँ असुरकुमार देव रहते है वहाँ उत्पन्न हुआ, उसे अपनी

भूल ज्ञात हुई, पश्चात्ताप करने से वह भविष्य में एक भव कर मुक्त बनेगा।

—भगवती सूत्र शतक १३, उद्दे० ६।

—उत्तराध्ययन—भावविजयगणि टीका अ० १८।६।३८०—१

२८ बलभद्र मुनि

*

बलभद्र, कृष्ण वासुदेव के ज्येष्ठ भ्राता थे। श्रीकृष्ण और बलभद्र में प्रगाढ़ स्नेह था। द्वारिका नगरी के विनाश हो जाने पर दोनों भाई घूमते हुए कौशाम्बी के वन में पहुँचे। श्रीकृष्ण को प्यास लगी। बलभद्र पानी लेने गये, उस समय कृष्ण पैर पर पैर रखकर सोए हुए थे, पैर में पद्म चमक रहा था, उसे जराकुँवर ने मृगनेत्र समझकर बाण फेंका, जिसके भयंकर जहर से श्रीकृष्ण मृत्यु को प्राप्त हुए।

बलभद्र पानी लेकर आये, किन्तु श्रीकृष्ण के न बोलने पर मनाने को अनेक प्रयत्न किये, पर वे सारे प्रयत्न जब व्यर्थ हो गये तो बलभद्र भाई के स्नेह से पागल हो गए, छह महीने तक भाई के मृत कलेवर को कंधे पर लेकर जंगल में घूमते रहे। देवों ने समझाने के लिए अनेक दृश्य दिखलाये. अन्त में विवेक जागृत हुआ, भाई का अग्नि-संस्कार कर स्वयं ने प्रव्रज्या ग्रहण की।

२९ राजा उद्रायण व चण्डप्रद्योत

*

वीतभय पाटण का अधिपति उद्रायण था। जो एक कुशल योद्धा था और अपनी आन बान का पक्का था। उसकी एक दासी थी जो रूप में अप्सरा से भी महान् थी।

उस समय उज्जयिनी का राजा प्रद्योत था। वह अपने प्रचण्ड स्वभाव के कारण चण्डप्रद्योत के नाम से विख्यात था।[1] उसने अनेक युद्ध लडे थे, जव कभी भी वह किसी के पास कोई सुन्दर वस्तु देखता तो उसे बिना प्राप्त किये उसे चैन नहीं पड़ता था। जब उसने दासी के रूप के बखाण सुने तो वह उसे उठाकर उज्जयिनी ले गया।

राजा उद्रायण ने उसे लौटाने का संदेश भिजवाया, पर जब उसे चण्डप्रद्योत ने सुनी अनसुनी कर दी तब उद्रायण ने अपने दस सामन्तों के साथ उस पर चढाई की। घमासान युद्ध हुआ। प्रद्योत हार गया, और उद्रायण की जीत हुई। एक पट्ट पर "दासीपति" लिखकर प्रद्योत के मस्तक पर लगाया गया। प्रद्योत को बन्दी बनाकर वीतभय की ओर प्रस्थित हुए।

मार्ग में पर्युषण-पर्व प्रारम्भ हुआ। राजा उद्रायण ने पौषध किया, रसोइये ने चण्ड प्रद्योत से पूछा - आपके लिए क्या भोजन बनाऊँ?

—महावग्ग ८।६।१९ पृ० २९५ में भी उसे चण्ड कहा गया है।

चण्ड प्रद्योत नें पूछा—क्या आज राजा उद्रायण भोजन नहीं करेंगे !

रसोइया—नहीं, महाराज को पर्युषण का पौषध है।

चण्ड प्रद्योत नें सोचा—कहीं मुझे जहर देकर मार न दें एतदर्थ उसनें कहा—मैं भी आज भोजन नहीं करूँगा। क्योंकि मेरे पिताजी भी श्रावक थे।

क्षमा याचना के अवसर पर प्रद्योत ने कहा—यह कैसी क्षमा याचना है ? उसी क्षण उद्रायण ने बंधनों से उसे मुक्त कर दिया। दासी का विवाह कर दिया तथा मस्तक पर दासीपति के पट्ट को हटाकर उसका मस्तक स्वर्ण पट्ट से विभूषित कर दिया।

यह है क्षमा का आदर्श, जिसके लिए युद्ध हुआ था तथा जो राजा की पकड़ की बात थी उसे भी उसने छोडने में संकोच अनुभव नहीं किया।

—उत्तराध्ययन टीका १८ पृ० २५२

—आवश्यक चूर्णि पृ० ४००

—भरतेश्वर बाहुबली वृत्ति, भाषान्तर पृ० १८२

३० सासु और जमाई

*

एक बुढ़िया थी, बहुत ही कंजूस। उसके एक लड़की थी उसका उसने विवाह कर दिया। पर कभी भी बुढ़िया अपने

जमाई को बुलाती नहीं थी। एक दिन वर्षों के पश्चात् किसी कार्यवश जमाई वहाँ पहुँच गया। सासु ने जमाई के लिए भोजन की तैयारी की, फीकी थूली वनाई। सासु ने विचार किया कि ऐसा उपाय करूँ जिससे मेरी शोभा भी वनी रहे और जमाई भी समझे कि सासु वड़ी उदार है, एतदर्थ घी के बर्तन की नाली में कपास ठूंस दिया। जमाई को थूली परोस दी और घी का बर्तन पास में ही रख स्वयं गुड़ लेने के लिए अन्दर के मकान में गई, सासु की चतुराई जमाई जान गया उसने एक शलाका डाल कर कपासिये को नाली में से बाहर निकाल दिया। सासु आई। उसे पूर्ण विश्वास था कि घी के बर्तन की नाली का मुंह बन्द कर रखा है अतः उसने मुंह फेर कर ज्यों ही घी परोसने लगी कि सम्पूर्ण घी जमाई की थाली में आ गया।

जब सासु ने देखा कि सारा घी चला गया है तो उसका दिल बैठ गया। घी को खाने की भावना से उसने जमाई को कहा—जमाई जी आपका और मेरा कब काम पड़ता है, क्या ही अच्छा हो हम दोनों साथ में ही बैठकर भोजन करें, क्योंकि न कभी आप होली के दिन आये, न कभी दिवाली के दिन ही आये और न कभी तीज आदि त्योहारों पर ही आये, इस प्रकार बातें बनाती हुई वह अपनी ओर घी को खींचती हुई खाने लगी।

जमाई सासु के हृदय की वात को समझ गया और उसने उसी समय अपना सारा हाथ थूली में डाला और बोला—

ये सारे त्यौहार इधर-उधर जा रहे हैं इसलिए इन सभी को मथ दूं, मथ कर थाली को हाथ में लेकर घी वाली वह सारी थूली पी गया, सासु मुंह लटकाये देखती रही।

प्रस्तुत लोक-कथा का सारांश है कि इस प्रकार यदि एक दूसरे के प्रति कपट रख कर ऊपर से मीठे बनकर क्षमा याचना करते रहे तो उससे कुछ भी लाभ नहीं।

३१ कुम्हार का मिच्छामिदुक्कडं

*

एक आचार्य एक बार विहार करते हुए किसी गाँव में पहुँचे और कुम्हार के पडौस में ठहरे। आचार्य का एक लघु शिष्य बड़ा चंचल प्रकृति का था। कुम्हार चाक पर से ज्यों ही पात्र उतार कर भूमि पर रखता त्यों ही वह शिष्य कङ्कर का निशाना लगाता और उसे तोड़ देता। कुम्हार ने कहा तो वह "मिच्छामिदुक्कड़ं" लेने लगा। अनेक बार मना करने पर भी न माना और मिच्छामिदुक्कडं का उच्चारण करता रहा। अन्त में कुम्हार को आवेश आ गया, उसने एक कङ्कर उठाया और उस लघु शिष्य के कान में रख कर दबाया। दर्द से वह चिल्ला उठा। कुम्हार भी उसकी तरह जोर-जोर से दबाता रहा और मिच्छामिदुक्कडं लेता रहा। अब शिष्य को अपनी भूल ज्ञात हुई।

जब तक मन में पापों के प्रतिपश्चात्ताप न हो वहाँ तक केवल वाणी का मिच्छामिदुक्कडं कुम्भार का मिच्छामि दुक्कडं है।

—आवश्यक चूर्णि 'जिनदास महत्तर'

३२ शंख पोखली

*

भगवान् महावीर का श्रावस्ती में आगमन हुआ। शंख और पुष्कली भगवान् को वंदन करने गये। भगवान् के पावन प्रवचन पीयूष का पानकर वे सभी पुनः श्रावस्ती की ओर मुडे। शंख ने पुष्कली आदि साथियों से कहा—देवानुप्रियो! आज विविध अन्न पान, खाद्य और स्वाद्य तैयार करो। हम सभी सहभोजन कर आज का पक्षिक पोषध करेंगे।

शंख अपने घर पर आये, विचारों में परिवर्तन हुआ, कि 'आज भोजन कर पाक्षिक पौषध करना मेरे लिए श्रेयस्कर नहीं है, मेरे लिए श्रेयस्कर यही है पौषधशाला में जाऊं आहार का त्याग कर, मणि, सुवर्ण, माला विलेपन, आदि शारीरिक सत्कार वर्जन कर, अब्रह्मचर्य वर्जन, और सावद्य व्यापारों का वर्जन कर आत्म भाव में विहरण करूं।"

शंख ने इस चिन्तन के साथ उत्पला धर्मपत्नी की आज्ञा लेकर पौषध किया। उधर पुष्कली आदि प्रतीक्षा करते रहे,

प्रतीक्षा के क्षण बहुत ही लंबे होते हैं। राह देखते देखते उनकी पलकें भारी हो गईं। अन्य साथियों की प्रेरणा से पुष्कली शंख के यहाँ पर आये, उत्पला श्राविका को नमस्कार कर शंख के सम्बन्ध में पूछा। पौषधशाला में आकर शंख से कहा—भोजन तैयार है।

प्रत्युत्तर में शंख ने कहा—मैंने तो पाक्षिक पोषध कर लिया है, मैं संकल्प बद्ध हूँ और आप स्वतन्त्र हैं।

यह बात सुनकर पुष्कली आदि के मन में खिन्नता हुई। वे सभी शंख के इस व्यवहार की निन्दा करने लगे।

प्रातः होने पर शंख श्रावक पौषध सहित ही भगवान् के दर्शन के लिए पहुँचा, और उधर पुष्कली आदि श्रावक भी। भगवान् ने अन्य श्रावकों को सम्बोधित कर कहा—तुम शंख श्रावक की निन्दा गर्हा न करो। शंख श्रावक प्रियधर्मी और दृढ़धर्मी है।

यह सुनकर सभी श्रावकों ने शंख श्रावक से क्षमा याचना की।

— भगवती सूत्र श. १२। उद्दे. १

३३ गणधर गौतम की क्षमा

*

गणधर गौतम भिक्षा के लिए नगर में घूम रहे थे। भिक्षा लेकर लौटते समय नगर में उन्होंने सुना—श्रमण भगवान् महावीर

जब तक मन में पापों के प्रतिपश्चात्ताप न हो वहाँ तक केवल वाणी का मिच्छामिदुक्कडं कुम्भार का मिच्छामि दुक्कडं है।

—आवश्यक चूर्णि 'जिनदास महत्तर'

३२ शंख पोखली

*

भगवान् महावीर का श्रावस्ती में आगमन हुआ। शंख और पुष्कली भगवान् को वंदन करने गये। भगवान् के पावन प्रवचन पीयूष का पानकर वे सभी पुनः श्रावस्ती की ओर मुडे। शंख ने पुष्कली आदि साथियों से कहा—देवानुप्रियो! आज विविध अन्न पान, खाद्य और स्वाद्य तैयार करो। हम सभी सहभोजन कर आज का पक्षिक पोषध करेंगे।

शंख अपने घर पर आये, विचारों में परिवर्तन हुआ, कि 'आज भोजन कर पाक्षिक पौषध करना मेरे लिए श्रेयस्कर नहीं है, मेरे लिए श्रेयस्कर यही है पौषधशाला में जाऊं आहार का त्याग कर, मणि, सुवर्ण, माला विलेपन, आदि शारीरिक सत्कार वर्जन कर, अब्रह्मचर्य वर्जन, और सावद्य व्यापारों का वर्जन कर आत्म भाव में विहरण करूं।"

शंख ने इस चिन्तन के साथ उत्पला धर्मपत्नी की आज्ञा लेकर पौषध किया। उधर पुष्कली आदि प्रतीक्षा करते रहे,

प्रतीक्षा के क्षण बहुत ही लंबे होते हैं। राह देखते देखते उनकी पलकें भारी हो गईं। अन्य साथियों की प्रेरणा से पुष्कली शंख के यहाँ पर आये, उत्पला श्राविका को नमस्कार कर शंख के सम्बन्ध में पूछा। पौषधशाला में आकर शंख से कहा—भोजन तैयार है।

प्रत्युत्तर में शंख ने कहा—मैंने तो पाक्षिक पोषध कर लिया है, मैं संकल्प बद्ध हूँ और आप स्वतन्त्र हैं।

यह बात सुनकर पुष्कली आदि के मन में खिन्नता हुई। वे सभी शंख के इस व्यवहार की निन्दा करने लगे।

प्रातः होने पर शंख श्रावक पौषध सहित ही भगवान् के दर्शन के लिए पहुँचा, और उधर पुष्कली आदि श्रावक भी। भगवान् ने अन्य श्रावकों को सम्बोधित कर कहा—तुम शंख श्रावक की निन्दा गर्हा न करो। शंख श्रावक प्रियधर्मी और दृढ़धर्मी है।

यह सुनकर सभी श्रावकों ने शंख श्रावक से क्षमा याचना की।

— भगवती सूत्र श. १२। उद्दे. १

३३ गणधर गौतम की क्षमा

*

गणधर गौतम भिक्षा के लिए नगर में घूम रहे थे। भिक्षा लेकर लौटते समय नगर में उन्होंने सुना—श्रमण भगवान् महावीर

जब तक मन में पापों के प्रतिपश्चात्ताप न हो वहाँ तक केवल वाणी का मिच्छामिदुक्कडं कुम्भार का मिच्छामि दुक्कडं है।

—आवश्यक चूर्णि 'जिनदास महत्तर'

३२ शंख पोखली

*

भगवान् महावीर का श्रावस्ती में आगमन हुआ। शंख और पुष्कली भगवान् को वंदन करने गये। भगवान् के पावन प्रवचन पीयूष का पानकर वे सभी पुनः श्रावस्ती की ओर मुडे। शंख ने पुष्कली आदि साथियों से कहा—देवानुप्रियो ! आज विविध अन्न पान, खाद्य और स्वाद्य तैयार करो। हम सभी सहभोजन कर आज का पक्षिक पोषध करेंगे।

शंख अपने घर पर आये, विचारों में परिवर्तन हुआ, कि 'आज भोजन कर पाक्षिक पौषध करना मेरे लिए श्रेयस्कर नहीं है, मेरे लिए श्रेयस्कर यही है पौषधशाला में जाऊं आहार का त्याग कर, मणि, सुवर्ण, माला विलेपन, आदि शारीरिक सत्कार वर्जन कर, अब्रह्मचर्य वर्जन, और सावद्य व्यापारों का वर्जन कर आत्म भाव में विहरण करूं।"

शंख ने इस चिन्तन के साथ उत्पला धर्मपत्नी की आज्ञा लेकर पौषध किया। उधर पुष्कली आदि प्रतीक्षा करते रहे,

प्रतीक्षा के क्षण बहुत ही लंबे होते हैं। राह देखते देखते उनकी पलकें भारी हो गईं। अन्य साथियों की प्रेरणा से पुष्कली शंख के यहाँ पर आये, उत्पला श्राविका को नमस्कार कर शंख के सम्बन्ध में पूछा। पौषधशाला में आकर शंख से कहा—भोजन तैयार है।

प्रत्युत्तर में शंख ने कहा—मैंने तो पाक्षिक पोषध कर लिया है, मैं संकल्प बद्ध हूँ और आप स्वतन्त्र हैं।

यह बात सुनकर पुष्कली आदि के मन में खिन्नता हुई। वे सभी शंख के इस व्यवहार की निन्दा करने लगे।

प्रातः होने पर शंख श्रावक पौषध सहित ही भगवान् के दर्शन के लिए पहुँचा, और उधर पुष्कली आदि श्रावक भी। भगवान् ने अन्य श्रावकों को सम्बोधित कर कहा—तुम शंख श्रावक की निन्दा गर्हा न करो। शंख श्रावक प्रियधर्मी और दृढ़धर्मी है।

यह सुनकर सभी श्रावकों ने शंख श्रावक से क्षमा याचना की।

— भगवती सूत्र श. १२। उद्दे. १

३३ गणधर गौतम की क्षमा

*

गणधर गौतम भिक्षा के लिए नगर में घूम रहे थे। भिक्षा लेकर लौटते समय नगर में उन्होंने सुना—श्रमण भगवान् महावीर

का परम भक्त श्रमणोपासक आनन्द जीवन की अन्तिम साधना कर रहा है। गौतम आनन्द को दर्शन देने के लिए पहुँचे। आनन्द भगवान् गौतम के दर्शन कर आनन्द विभोर हो गया।

आनन्द ने निवेदन किया—प्रभो क्या गृहस्थ को अवधिज्ञान हो सकता है ?

गौतम—हाँ आनन्द ! हो सकता है।

आनन्द—प्रभो ! मुझे भी अवधिज्ञान हुआ है, मैं चारों दिशाओं में इतना देख सकता हूँ।

गौतम— आनन्द। गृहस्थ को अवधिज्ञान हो सकता है, पर वह इतना क्षेत्र नहीं देख सकता। अतः तुम आलोचना करो और प्रायश्चित्त लो।

आनन्द ने निवेदन किया—भगवन् ! क्या जिन प्रवचन में सत्य, तात्त्विक, तथ्य और सद्भूत विषयों की भी आलोचना होती है ?

गौतम - नहीं होती ! तो फिर भगवन् ! आपको ही आलोचना करना चाहिए।

गौतम सीधे ही भगवान् के पास आये, भगवान् ने आनन्द के कथन का समर्थन किया, और गौतम से कहा—तुम जाओ आनन्द से खमाओ। प्रभु की आज्ञा से गौतम उलटे पैरों लौटे। आनन्द से क्षमा याचना की।

—उपाशक दशांग—१।

धिक्कार है मुझे ! भात में घी नहीं था इन्होंने घी डाल दिया। मैं कैसा हूं जो एक उपवास नहीं कर सका। वह धर्म ध्यान से शुक्ल ध्यान में पहुंचा, क्षपक श्रेणी चढ़कर चारों कर्मों को नष्ट कर केवलज्ञानी बन गया।

बड़े-बड़े तपस्वी जिन्हें तप का अभिमान था वे देखते ही [illegible] उन्हें भी अपनी भूल ज्ञात हुई और पश्चात्ताप करने [illegible] ज्ञात हुआ कि बाह्य तप से भी आन्तरिक तप का [illegible]रा महत्व है। क्षमा का महत्व समझ में आया, भाव [illegible] होते [illegible]लज्ञान उत्पन्न हो गया।

—उपदेश प्रासाद स्तंभ ३।४१

तप का बड़ा घमंड था, अतः नित्य भोजी "कूरगडुक" का सदा उपहास किया करते थे। पर 'कूरगडुक' सदा यही सोचता—क्या करूं, मैं कैसा हूं, और ये कैसे महान् हैं?

एक दिन शासन देवी आई, उसने सर्व प्रथम एकान्त में बैठे हुए 'कूरगडुक' को नमस्कार किया! देवी के इस व्यवहार को देखकर सन्तों ने कहा—देवानुप्रिये! देवी होकर के भी तुम ऐसी भूल कर रही हो। उग्र तपस्वियों को छोड़कर नित्य-भोजी को वन्दन कर रही हो?

देवी ने कहा—मैं भ्रम में नहीं हूँ, मैंने एक घोरतपस्वो को नमस्कार किया है, देखिए, सातवें दिन ये केवलज्ञान प्राप्त करेंगे। सभी मुनि, आचार्य चकित थे, पर कूरगडुक तो सदा की भाँति शान्त था।

सातवें दिन बहुत बड़ा पर्व था। सभी छोटे-बड़े सन्तों के उपवास थे। पर 'कूरगडुक' भूख न सहन करने के कारण गुरु की आज्ञा से भिक्षा लेकर आया। साधु मर्यादा के कारण सभी को उसने ग्रहण करने की प्रार्थना की, पर सभी ने उस पर तीखे व्यंग बाण कसे और एक तपस्वी ने तो क्रोध में आकर कहा—अरे, तुझे शर्म नहीं आती, पर्व के दिन भी उपवास नहीं कर सका, और हमें लाकर भोजन दिखा रहा है? थू-थू अधम कहीं का चला जा यहाँ से! कहते-कहते मुंह से थूक उछलकर उस भात में गिर पड़ा।

कूरगडुक ने चिन्तन किया—धन्य है तपस्वीराज को!

धिक्कार है मुझे ! भात में घी नहीं था इन्होंने घी डाल दिया। मैं कैसा हूं जो एक उपवास नहीं कर सका। वह धर्म ध्यान से शुक्ल ध्यान में पहुंचा, क्षपक श्रेणी चढ़कर चारों कर्मों को नष्ट कर केवलज्ञानी बन गया।

वड़े-बड़े तपस्वी जिन्हें तप का अभिमान था वे देखते ही रह गये, उन्हें भी अपनी भूल ज्ञात हुई और पश्चात्ताप करने लगे, उन्हें ज्ञात हुआ कि बाह्य तप से भी आन्तरिक तप का कितना गहरा महत्व है। क्षमा का महत्व समझ में आया, भाव की विशुद्धि होते ही केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

—उपदेश प्रासाद स्तंभ ३।४१

३५ बाहुबली

*

वाहुबली भगवान् ऋषभदेव के पुत्र और सम्राट् भरत के लघुभ्राता थे। अतुलबली ! जिनके बल के सामने चक्रवर्ती भरत का बल भी फीका पड़ गया था।

बाहुवली को भरत के प्रतिज्ञा भंग करने पर रोष आया। और मदोन्मत्त गजराज की तरह मुष्टि उठाकर चक्रवर्ती की ओर लपके, पर दूसरे ही क्षण वे रुके, जो मुष्टि भरत पर लगाने की थी उसे अपने ही शिर पर लगाकर पंच मुष्टि लोच कर दिया। रणक्षेत्र विजेता वाहुबली आत्म-विजेता बन गये।

भगवान् ऋषभदेव के चरणों में पहुंचने के लिए कदम बढ़े, पर दूसरे ही क्षण भ्राताओं को नमन करने की बात स्मरण में आते ही उनके पाँव रुक गये, और ध्यान मुद्रा में वहीं पर खड़े हो गये। बिना केवलज्ञान लिये मैं भगवान् के चरणों में नहीं पहुचूँगा, इसी अभिमान के वश !

आंधी और तूफान आये, गर्मी और सर्दी आयी, वर्षा भी बरसी, पर बाहुबली न हिले न डुले, शरीर पर लताएं चढ़ गईं। मस्तक पर पक्षियों ने घोंसले बना दिये, पर वह मेरु पर्वत की तरह अचल और अडोल रहा। एक वर्ष का समय पूरा हो गया।

भगवान् ऋषभदेव ने देखा–बिना अभिमान का शल्य निकले केवलज्ञान नहीं होगा। प्रभु ने उद्बोधन के लिए ब्राह्मी और सुन्दरी को भेजा, भाई के अविचल ध्यान को देखकर ब्राह्मी और सुन्दरी का सिर झुक गया। फिर एक मधुर स्वर गूंज उठा—बन्धु ! हाथी से नीचे उतरो ! कब से गज पर आरूढ़ हो ? क्या कभी हाथी पर चढ़ने वाले को ज्ञान हुआ है ?

बाहुबली ने बहिनों के परिचित स्वर को सुनकर विचार किया, ये क्या कह रही हैं। श्रमणियाँ तो कभी झूठ नहीं बोलती, हाँ स्मरण आया, अभिमान के गज पर चढ़ा हूं। उस हाथी पर चढ़ने वाले को तो मुक्ति हो सकती है, पर अभिमान के हाथी पर चढ़ने वाले को नहीं। जन्म और देह की ज्येष्ठता नहीं, साधना की ज्येष्ठता ही वस्तुतः श्रेष्ठ है। ज्यों ही गुण

ज्येष्ठ भाइयों को नमन करने के लिए कदम उठा त्यों ही केवल ज्ञान से आत्मा जगमगा उठा।

—त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र १।४-५
—कथा कोष प्रकरण कथा ६, जिनेश्वर सूरि

३६ महाशतक की क्षमा

*

महाशतक राजगृह के निवासी थे। रेवती आदि उनकी तेरह पत्नियाँ थी। भगवान् महावीर के उपदेश से महाशतक ने श्रावकव्रत ग्रहण किये।

एक दिन रेवती ने अपनी छः सपत्नियों को विषप्रयोग के द्वारा मार डाला। वह मांस लोलुपी थी, अतः पितृगृह से मांस मंगाकर उपभोग करती।

अपने ज्येष्ठ पुत्र को गृह कार्य संभलाकर महाशतक धर्म साधना करता। एक दिन काम विह्वला रेवती महाशतक के पास आई, भोगों की अभ्यर्थना करने लगी, तब अवधिज्ञानी महाशतक ने कहा—रेवती! तू सात दिनों के अन्दर अलसक (विषूचिका) रोग से संत्रस्त हो असमाधि में मृत्यु को प्राप्तकर रत्नप्रभा पृथ्वी में अच्युतनरक में उत्पन्न होगी।

यह सुन रेवती भय से कांपने लगी। भगवान् महावीर उस समय राजगृह पधारे। गौतम को कहा—जाकर महाशतक

से कहो—कि तुमने जो रेवती को सत्य कहा, वह कर्कश था, अतः ऐसा कथन तुम्हारे लिए योग्य नहीं एतदर्थ उसकी आलोचना कर प्रायश्चित ग्रहण करो।

महावीर के सन्देश को सुनकर उसी क्षण महाशतक ने रेवती को खमाया। पापों की आलोचना कर प्रायश्चित ग्रहण कर जीवन को विशुद्ध बनाया।

—उपाशकदशांग – अ. १०

३७ चन्दनबाला और मृगावती

*

एक बार श्रमण भगवान् महावीर कौशाम्बी पधारे, भगवान् के दर्शन हेतु सूर्य और चन्द्र ये दोनों अपने मूल रूप से आये विमान सहित।

चन्दनबाला और मृगावती प्रभृति साध्वी भी भगवान् के दर्शन हेतु समवसरण में पहुँची। चन्दनबाला तो समय होते ही चली गई और मृगावती को प्रकाश की अधिकता के कारण समय ज्ञात नहीं हो सका, वह समवसरण में ही बैठी रही। बहुत समय के पश्चात् जब वह स्थान पर पहुँची तब तक बहुत अंधेरा हो चुका था। सभी साध्वियां प्रतिक्रमण आदि क्रियाओं से निवृत हो चुकी थी। विलम्ब से पहुँचने के कारण चन्दनबाला ने उसे उपालम्भ दिया। उसे अपनी भूल ज्ञात

हुई। क्षमा मांगी। चन्दनबाला आदि को नींद आगई, पर मृगावती अपनी भूलों पर विचार करने लगी। अशुभ ध्यान को छोड़कर शुभ ध्यान में प्रवेश किया। घनघाती कर्मों को नष्ट कर केवलज्ञान केवलदर्शन प्राप्त कर लिया।

उस समय एक विषधर निकला। चारों ओर अंधकार था, तथापि मृगावती ने केवलज्ञान के प्रकाश से उसे देखा, वह चन्दनबाला के हाथ के पास आया, तब मृगावती ने चन्दनबाला का हाथ ऊपर उठाया। हाथ उठाते ही चन्दनबाला की नींद जागी, कारण पूछा—मृगावती ने सर्प की बात बताई। चन्दनबाला ने पूछा—किससे जाना ?

मृगावती—ज्ञान से।

क्या वह ज्ञान प्रतिपाति है या अप्रतिपाति ? चन्दनबाला नें जिज्ञासा प्रस्तुत की।

अप्रतिपाति है—मृगावती ने कहा—

यह सुनते ही चन्दनबाला ने मृगावती से क्षमायाचना की। उपालंभ देने के सम्बन्ध में मन में विचार करने लगी; परिणामों की विशुद्धता से उसी क्षण कर्मों को नष्ट किये, सर्वज्ञ सर्वदर्शी बन गई।

●

[त